


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 192

ग्वालियर, शनिवार, 02 अप्रैल, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## नई शराब नीति का भाजपा में ही विरोध, उमा भारती बोली- इज्जत और जान पर खेलकर हम राजस्व कमा रहे, मैं शर्मिंदा हूं

**भोपाल।** प्रदेश में शुक्रवार से नई शराब नीति लागू हो गई है। इसके साथ ही विरोध भी शुरू हो गया है। सत्तारूढ़ भाजपा के नेता भी विरोध में उतर गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती का कहना है कि इज्जत और जान पर खेलकर हम राजस्व कमा रहे, मैं शर्मिंदा हूं। वहीं रीवा में भाजपा विधायक ने शराब दुकान खोलने का विरोध करते हुए धरना दिया है।

पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने शराबबंदी के लिए मोर्चा खोल रखा है। इस मुद्दे को लेकर उन्होंने शुक्रवार को लगातार चार ट्वीट किए। उमा भारती ने इस बार शिवराज सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मैं मध्यप्रदेश की महिलाओं व बेटियों के साथ हूं। शराबखोरी के शिकार हो रहे बेटों के लिए भी चिंतित हूं। उनकी इज्जत व जान पर खेलकर हम राजस्व कमा रहे हैं, इस पर शर्मिंदा भी हूं। उन्होंने कहा कि शनिवार से चैत्र नवरात्रि शुरू हो रही हैं। शुक्रवार को हमने मध्यप्रदेश में नई शराब नीति लागू की है। इसमें लोगों को ज्यादा शराब कैसे पिलाई जा सके, अहातों में ज्यादा शराब कैसे परोसी जा सके, इस व्यवस्था को निश्चित किया है। इसका विरोध किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ व दिल्ली की शराब नीति के विरोध में भारतीय जनता पार्टी की राज्य इकाइयां सड़क पर उतर आई हैं।



### मार्च में शुरू किया था आंदोलन

उमा भारती पिछले कुछ समय से मध्य प्रदेश में शराबबंदी की मांग कर रही है। सामाजिक आंदोलन की बात कह रही है। उन्होंने अपना अभियान 13 मार्च को भोपाल के भेल इलाके में बरखेड़ी स्थित शराब दुकान से किया था। उन्होंने दुकान में रखी बोतलों पर पत्थर मारा। इसके अगले ही दिन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर बताया कि उन्होंने यह कदम किस मजबूरी में उठाया। उसके कुछ दिन बाद निवाड़ी में उन्होंने कहा था कि शराबबंदी को लेकर जनप्रतिनिधियों को सतर्क रहने की जरूरत है। मैंने शराब दुकान पर मारा पत्थर एक चेतावनी थी और यह एक शुरुआत है। जनप्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारी निभाएं नहीं तो बड़ा जन आंदोलन का रूप ले लेगा।

### भाजपा विधायक धरने पर


रीवा के सेमरिया से भाजपा विधायक केपी त्रिपाठी ने शराब दुकान खोलने का विरोध किया है। वे शुक्रवार को रीवा शहर के उर्रहट मोहल्ले की शराब दुकान बरा मोहल्ले में खोले जाने के खिलाफ धरने पर बैठ गए। उनके साथ भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

## केवल इस्तीफा देकर ही इमरान को मिल सकती है सम्मानजनक विदाई : बिलावल भुट्टो

**लाहौर।** पाकिस्तान के विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ अपना विरोध तेज करते हुए कहा है कि केवल इस्तीफा देकर ही उन्हें सम्मानजनक विदाई मिल सकती है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने नेशनल असेंबली में बहुमत खोने के बावजूद गुरुवार को कहा था कि वह इस्तीफा नहीं देंगे और अंतिम गेंद तक खेलेंगे। इसके साथ ही, उन्होंने कहा था कि वह रविवार को होने वाले अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान का सामना करेंगे, जिसमें फैसला होगा कि देश किस दिशा में जाएगा। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि इमरान खान के लिए अब कोई सुरक्षित रास्ता नहीं बचा है। उन्होंने कहा केवल इस्तीफा देकर ही उन्हें सम्मानजनक विदाई मिल सकती है। मैं उन्हें ऐसा करने की सलाह दूंगा। उन्होंने कहा कि इमरान का राष्ट्रीय सुरक्षा मंचों तथा संस्थानों का ध्रुवीकरण करने और बदनाम करने का प्रयास अपमानजनक है। विपक्षी दल पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) की उपाध्यक्ष मरियम नवाज ने इमरान खान के राष्ट्र के नाम, सीधे प्रसारित किए गए संबोधन पर प्रतिक्रिया करते हुए ट्वीट किया यह आदमी लगातार साबित कर रहा है कि वह इस सर्वोच्च पद के लायक नहीं है।



## मऊ में 'नवरात्रि एवं रमजान के दृष्टिगत चप्पे-चप्पे पर रखी जाएगी नजर'



**मऊ।** नवरात्र एवं रमजान त्यौहार को सकुशल संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से पीस कमेटी एवं जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर जिलाधिकारी भानु प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि एक ही साथ दोनों त्यौहार पड़ने के कारण आपसी भाईचारा बनाकर त्यौहार सकुशल संपन्न कराया जाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यह दोनों ही त्यौहार आपसी भाईचारा का प्रतीक माना जाता है, इसलिए दोनों समुदाय के लोग आपस में प्रेम भाव से त्यौहार मनाए प्रशासन के तरफ से जिस भी प्रकार की मदद चाहिए प्रशासन मदद के लिए पूर्णता तैयार रहेगा। अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने बताया कि सदर चौक से शीतला मंदिर, राजारामपुरा सहित अन्य मंदिरों को जाने वाले रास्तों पर पुलिस फोर्स तैनात रहेगी। उन्होंने बताया जिन-जिन क्षेत्रों में नवरात्रि के दिन मेला का आयोजन किया जाएगा, पुलिस बल शांति व्यवस्था के लिए तैनात रहेगी। उन्होंने जनपद के समस्त चौराहों पर संबंधित थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि किसी भी दशा में भीड़-भाड़ न होने दें। उन्होंने कहा कि खुले में मांस की बिक्री किसी भी दशा में नहीं किया जाएगा।

### महंगाई का महाविस्फोट

## ऑटो एलपीजी 8.66 रुपए लीटर, 4.50 रुपए किलो सीएनजी और 3.86 रुपए प्रति क्यूबिक यूनिट पीएनजी कर दी महंगी

■ कमर्शियल सिलेंडर पर बढ़ा दिए 271 रुपए, अब मिलेगा 2465.50 रुपए का, एलपीजी के दाम 1033.50 रुपए पर स्थिर

■ एक अप्रैल और एक अक्टूबर को बदलते हैं सीएनजी और पीएनजी के दाम




**भोपाल।** नए वित्तीय वर्ष की शुरूआत होते ही एक बार फिर से आमजन पर महंगाई की मार पड़ी है। इस बार ईंधन के दामों में महाविस्फोट हुआ है। घरेलू गैस सिलेंडर यानी एलपीजी को छोड़ दें तो कमर्शियल सिलेंडर, ऑटो एलपीजी, सीएनजी और पीएनजी सभी को महंगा कर दिया गया है। ऐसे में पहले से महंगाई की मार झेल रहे लोगों के लिए मुसीबतें बढ़ गई हैं। ऑटो एलपीजी के दामों में सीधे 8.66 रुपए लीटर, कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) पर 3.86 रुपए किलो और पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) पर 3.86 रुपए प्रति क्यूबिक यूनिट तक बढ़ा दिए गए हैं। ऑटो एलपीजी अब 76.43 रुपए लीटर, सीएनजी 83.50 रुपए किलो और पीएनजी 42.94 रुपए प्रति क्यूबिक यूनिट के भाव से बिकेगी। वहीं 14.2 किलोग्राम के घरेलू गैस सिलेंडर (एलपीजी) के दाम 1033.50 रुपए पर स्थिर रखे गए हैं। एलपीजी पर 22 मार्च को 50 रुपए की वृद्धि की गई थी। जबकि 19 किलोग्राम के कमर्शियल सिलेंडर के दाम अब 2465.50 रुपए कर दिए गए हैं, पूर्व में यह 2194.50 रुपए का बिक रहा था।

कमर्शियल सिलेंडर के दाम इतने अधिक बढने पर माना जा रहा है कि फूड आयटम्स के दामों की पर भी इसका असर पड़ेगा। सीएनजी और पीएनजी के दामों में एक अप्रैल और एक अक्टूबर को बदलाव होता है लेकिन वर्तमान में इनके दाम बीच में भी बदले जा रहे हैं। पीएनजी का उपयोग करने वाली गृहिणी रश्मि गोयल ने बताया कि पीएनजी के दाम कम होने के कारण ही हमने इसका कनेक्शन लिया था, लेकिन अब यह भी काफी अधिक महंगी हो गई है। ऑटो एलपीजी के विक्रेता रौनक जैन ने बताया कि गैस के दाम पिछले महीने ही बढ़ाए जाना थे लेकिन हर महीने की पहली तारीख को दामों में फेरबदल होने के कारण एक अप्रैल से दाम बदले गए हैं, लेकिन दामों में 8.66 रुपए लीटर तक की बढ़ोतरी से बिक्री पर असर पड़ सकता है।

### पेट्रोल-डीजल के दाम रखे स्थिर

22 मार्च से हर दिन पेट्रोल-डीजल के दामों में बढ़ोतरी हो रही थी। पर दस दिन बाद शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल के दामों को स्थिर रखा गया है। भोपाल में सादा पेट्रोल के दाम 114.21 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच चुके हैं, वहीं डीजल 97.45 रुपए में बिक रहा है। गौरतलब है कि साढ़े चार माह की स?थिरता के बाद तेल कंपनियों ने विगत 22 मार्च को पेट्रोल व डीजल के दाम में पहली बार 80 पैसे का इजाफा किया था। इससे भोपाल में पेट्रोल के दाम 108.11 रुपये और डीजल 91.70 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गया था। उसके बाद तेल कंपनियों द्वारा लगातार दाम बढ़ाए जा रहे हैं। इसके चलते दस दिन में ही पेट्रोल 6.87 रुपये और डीजल 6.49 रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया।

## कर्नाटक में कांग्रेस ने की भाजपा को चोट देने की तैयारी




**नई दिल्ली।** पांच राज्यों में हार के बाद कांग्रेस कर्नाटक में अगले वर्ष होने वाले चुनाव पर अपना ध्यान लगाती नजर आ रही है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी गुरुवार को श्री सिद्धगंगा मठ पहुंचे। राहुल के इस दौरे को लिंगायत समुदाय को लुभाने की ओर एक कदम के तौर पर देखा जा रहा है। खास बात है कि हाल के समय में लिंगायत समुदाय ने भारतीय जनता पार्टी और पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा का मजबूती से समर्थन किया है। श्री श्री शिवकुमार स्वामीजी की 115वीं जयंती पर मठ पहुंचे राहुल ने कहा, %12वीं सदी के समाज सुधारक बसवन्ना ने हमें सिखाया है कि हम एक हैं, हमें बगैर जाति, धर्म को देखें एक साथ रहना होगा और नफरत को दूर करना होगा।% उन्होंने कहा, %जो भाईचारा आप यहां सिखाते हैं, वह आज पूरे देश के लिए जरूरी है।% कांग्रेस नेता ने बताया कि उनकी दादी, पिता और मां भी मठ आ चुके हैं। खास बात है कि श्री सिद्धगंगा मठ का इतिहास 600 साल पुराना है और लिंगायत समुदाय के लिए यह सबसे पवित्र मठों में से एक है। यहां पहले भी पूर्व प्रधानमंत्रियों और राष्ट्रपतियों की मौजूदगी देखी जा चुकी है। खास बात है कि सियासी दलों और उनके नेताओं तक पहुंच के लिए भी इस मठ की तरफ से मिले आशिर्वाद को भी काफी महत्वपूर्ण माना जाता है।

## उत्तर व मध्य भारत में भीषण गर्मी, लू का प्रकोप जारी



### दिल्ली-एनसीआर सहित कई राज्यों में तापमान 40 डिग्री के पार

**नई दिल्ली)।** अप्रैल की शुरूआत में ही सूरज का ताप लोगों को तपने के लिए मजबूर कर रहा है। देशभर के कई हिस्सों में तापमान लगातार बढ़ रहा है। इस साल मार्च के महीने में पूरे देश में गर्मी का प्रचंड मार्च जारी रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने बताया है कि शुक्रवार यानी आज दिल्ली में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, पश्चिमी यूपी व पूर्वी राजस्थान के अधिकांश शहरों में तापमान मार्च के अंत में 40 डिग्री से अधिक दर्ज हुआ है। ऐसा पहली बार है। पिछले एक दशक में आमतौर पर पश्चिमी राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, आंध्र व कर्नाटक के कुछ शहरों में मार्च में पारा 40 डिग्री के पार जाता रहा है। भारतीय मौसम विभाग के विज्ञानी आरके जेनामनी ने बताया, सामान्य रूप से पश्चिमी राजस्थान, गुजरात, विदर्भ, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश व ओडिशा में मार्च में दो-तीन दिन तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार जाता था, लेकिन इस बार असाधारण स्थिति है। दिल्ली में 15 मार्च के बाद तापमान सामान्य से 5-10 डिग्री अधिक है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, हिमाचल में 19 से 27 मार्च तक तापमान सामान्य से 9-10 डिग्री ज्यादा रहा। मैदानी इलाकों में 13 से 19 मार्च के बीच हीटवेव आई। 27 मार्च से हीटवेव का दूसरा दौर शुरू हुआ, जो 2 अप्रैल तक चल सकता है। अगले 15 दिन गर्म हवाएं चलती रहेंगी।

हवा की दिशा में बदलाव के चलते अगले दो दिन दिल्ली वासियों को लू से मिलेगी थोड़ी राहत। इसके बाद फिर से झेलने पड़ेंगे भीषण लू के थपेड़े। शुक्रवार को भी आसमान रहेगा साफ। हवा की गति 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना। पंजाब में शुक्रवार से मौसम का मिजाज बदलेगा।

## शोपियां मुठभेड़ में एलइटी का आतंकी ढेर, जनवरी 2022 से था लापता

### घर से लापता हो जाने के बाद मुनीब लश्कर में शामिल हो गया था आतंकी

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के जिला शोपियां के तुर्कवागाम इलाके में शुक्रवार रात से जारी मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के एक स्थानीय आतंकवादी को मार गिराया है। इलाके में छिपे अन्य आतंकियों के फरार हो जाने की आशंका जताई जा रही है। सुरक्षाबलों ने आतंकी के मारे जाने के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जब इस बात की पुष्टि हो गई कि वहां और कोई आतंकी मौजूद नहीं है, ऑपरेशन समाप्त कर सुरक्षाकर्मी आतंकी का शव व मुठभेड़ स्थल से बरामद हथियार लेकर वहां से लौट गए। पुलिस ने एक आतंकी के मारे जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि मारे गए



आतंकी की पहचान मुनीब अहमद शेख निवासी टॉक मुहल्ला शोपियां के तौर पर हुई है। वह इसी साल आतंकवाद में शामिल हुआ। जनवरी 2022 में उसके परिजनों ने स्थानीय पुलिस स्टेशन में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस अधिकारी ने घर से लापता हो जाने के बाद मुनीब लश्कर में शामिल हो गया था। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि इलाके में दो से तीन आतंकियों की मौजूदगी की सूचना था। सुरक्षाबलों ने आतंकियों की तलाश में गुरुवार रात को ही तुर्कवागाम इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया था। एसओजी, सेना और सीआरपीएफ के संयुक्त दल ने जब घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया इलाके में छिपे आतंकियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। अंधेरा होने की वजह से सुरक्षाबलों ने रात को ऑपरेशन रोक दिया। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि मुनीब वहीं रूका जबकि अन्य आतंकी अंधेरे का लाभ उठाकर वहां से फरार हो गए। सुबह रोशनी होते ही गोलीबारी का सिलसिला फिर शुरू किया और आतंकी को मार गिराया गया। वहीं पुलिस अधिकारियों ने आतंकियों के फरार होने की पुष्टि नहीं की है।

## इजराइल ने माना, रमजान में पहले बड़े स्तर पर हिंसा की आशंका

**यरूशलम।** फिलिस्तीनी हमलावर के इजराइल के तेल अवीव में 5 लोगों की हत्या किए जाने के बाद इजराइली सुरक्षा बल और एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक रमजान के पवित्र मुस्लिम महीने से पहले बड़े स्तर पर हिंसा की आशंका है। यह हमला पिछले दो हफ्तों में पांचवां हमला है। इन सभी हमलों में अब तक 11 इजरायली नागरिक मारे गए हैं।रिपोर्ट्स बताती हैं कि सालों बाद इतने कम वक्त में इतने अधिक इजराइली आम लोग मारे गए हैं। इजराइली सेना ने कहा है कि उसने वेस्ट बैंक में अपनी तैनाती बढ़ा दी है। इजराइली विदेश मंत्री यायर लापिड ने कहा कि मई में 2021 में गाजा युद्ध के बाद से



इजराइली सुरक्षा बल अपने उच्चतम स्तर पर अलर्ट पर थे।इजराइल के अधिकारियों ने अप्रैल में मुस्लिम पवित्र रमजान के महीने में हमलों में बढ़ोतरी के बारे में चेतावनी दी थी, इस अवधि के दौरान इतिहास में हिंसा बढ़ी है। हमले के बाद इजराइली पीएम नफ्ताली बेनेट ने सीनियर सुरक्षा अधिकारियों से बातचीत कर हिंसा की निंदा की है। उन्होंने कहा है कि इजराइल घातक अरब आतंकवाद की लहर का सामना कर रहा है।उन्होंने कहा है, कि हमारे सुरक्षा बल काम कर रहे हैं। हम दृढ़ता, परिश्रम के साथ आतंक से लड़ने वाले हैं। वे हमें यहां से नहीं हिला सकते हैं। हम और मजबूत होने वाले हैं। फिलिस्तीनी अथॉरिटी के अध्यक्ष महमूद अब्बास ने गोलीबारी की निंदा की है। उन्होंने कहा है कि फिलिस्तीनी और इजराइली नागरिकों की हत्या से स्थिति और खराब होगी, खासकर जब हम रमजान के पवित्र महीने और ईसाई और यहूदी छुट्टियों के करीब आ रहे हैं।

## खास खबर

### रानू मंडल से भी तेज बदली किस्मत... प्लंबर दिखेगा हॉलीवुड फिल्म में!

**लंदन।** कहते हैं, कि किस्मत बदलते देर नहीं लगती। एक प्लंबर के साथ कुछ ऐसा ही हुआ। दरअसल, प्लंबर का काम करने वाला शख्स म्यूजिक प्रोड्यूसर के घर काम करने के लिए गया था। घर के बाथरूम में काम करते हुए प्लंबर गाने गा रहा था। उसकी गायकी से म्यूजिक प्रोड्यूसर इतना प्रभावित हुआ कि उसने प्लंबर के साथ सांग रिकॉर्ड करने का ऐलान कर दिया। अब हॉलीवुड फिल्म मेकर ने प्लंबर की कहानी पर मूवी बनाने की भी घोषणा कर दी है। बता दें कि भारतीय सिंगर रानू मंडल की किस्मत भी रातों-रात बदल गई थी। पहले वह स्टेशन पर गाया करती थी।

### इज़राइली बलों ने वेस्ट बैंक में एक शरणार्थी शिविर पर किया हमला, 2 लोगों की मौत 15 घायल

**येरुशलम।** इजराइली बलों ने वेस्ट बैंक में एक शरणार्थी शिविर पर हमला किया, जिसमें दो फलीस्तीनी मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए। इजराइल का कहना है कि वह आतंकवादी नेटवर्क को निशाना बना रहा है। सेना ने बताया कि एक अन्य घटना में वेस्ट बैंक में एक फलीस्तीनी नागरिक ने 28 वर्षीय एक इज़राइली नागरिक को बस में चाकू मार दिया, जिसके बाद वहां खड़े एक व्यक्ति ने फलीस्तीनी नागरिक की हत्या कर दी थी। मैगन डेविड एडोम आपातकालीन सेवा के अनुसार घायल इज़राइली नागरिक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसका इलाज चल रहा है। एक वीडियो में जेनिन शरणार्थी शिविर से धुआं निकलता दिख रहा है और गोलीबारी की आवाजें सुनाई दे रही हैं। अन्य वीडियो में इज़राइली सैनिकों और फलीस्तीनी बंदूकधारियों को संकरी गलियों से गुजरते हुए देखा जा सकता है। फलीस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि 17 वर्षीय सनद अबू अतियेह और 23 वर्षीय यज़ीद अल-सादी गोलीबारी में मारे गए। वहीं, चाकू मारने की कथित घटना के बाद निदाल जाफर (30) की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

### एएसआई के बेटे की हत्या मामले में एसपी ने किया बड़ा खुलासा

**भागलपुर।** भागलपूर के नवगछिया पुलिस जिला के बिहपुर थाना क्षेत्र निवासी सीतामढ़ी में पोस्टेड एएसआई के बेटे रोहित की हत्या मामले में एक अपराधी प्रियम को गिरफ्तार कर एसपी सुशान्त सरोज ने बड़ा खुलासा किया है। एसपी ने बताया कि, मामले की जानकारी मिलते ही एसआईटी की टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई कर अपराधी प्रियम को गिरफ्तार कर लिया गया। उसने पूछताछ में खुलासा किया है कि रोहित की बहन ज्योति के साथ उसका प्रेम प्रसंग था। रोहित उसके प्रेम में बाधा बनता था जिसके बाद रोहित ने अपने दो साथी शिवम व सत्यम के साथ मिल कर उसे बभनगामा बहियार में बुलाया और चाकू के बल पर उसके ही फोन में रिकॉर्ड करवाया गया कि उसका अपहरण हुआ है, 45 लाख फिरौती चाहिए। इसके बाद उसने उसकी हत्या कर दी। शिवम, सुंदरम घटना के बाद फरार है। उसे भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### योगी से बीजेपी सांसद की मांग, फर्रुखाबाद का नाम बदलकर पांचालनगर करें

**फर्रुखाबाद।** उत्तरप्रदेश में इलाहाबाद, फैजाबाद के बाद एक और जिले का नाम बदलने की मांग उठी है। यूपी के फर्रुखाबाद का नाम बदलकर पांचालनगर करने की मांग उठी है। मांग को लेकर फर्रुखाबाद से बीजेपी सांसद मुकेश राजपूत ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भी लिखा है। राजपूत ने सीएम योगी को लिखे पत्र में कहा कि फर्रुखाबाद का इतिहास बुहत ही प्राचीनकाल का है। तीन नदियों गंगा, रामगंगा, काली नदी के मध्य बसा हुआ है। यह पौराणिक काल से समृद्ध है। बीजेपी सांसद ने लिखा, उस समय यह पांचाल क्षेत्र कहलाता था। यह शहर पांचाल राज्य की राजधानी थी। उन्होंने लिखा, राजा द्रुपद की राजधानी कंपिल में ही राजकुमारी द्रोपदी का स्वयंवर हुआ था और राजा द्रुपद की सेना छाववनी शहर में निवास करती थी।

### सस्ता पेट्रोल-डीजल के लिए गुजरात आ रहे महाराष्ट्र के वाहन चालक

**अहमदाबाद।** पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों से लोग परेशान हैं और ऐसे में कहीं आधा पैसा सस्ता पेट्रोल मिलने की खबर मिलते ही वाहन चालक ईंधन भराने वहां पहुंच जाते हैं अगर प्रति लीटर पेट्रोल 14 रुपए और डीजल 4 रुपए सस्ता मिले तो लोगों की कतार लगना स्वाभाविक है दरअसल महाराष्ट्र के मुकाबले गुजरात में पेट्रोल और डीजल सस्ता है महाराष्ट्र से सटे गुजरात के एक पेट्रोल पंप पर इन दिनों वाहन चालकों की लंबी कतारें लग रही हैं महाराष्ट्र के मुंबई समेत अलग अलग जिलों में पेट्रोल-डीजल के दाम गुजरात से कहीं ज्यादा होने के कारण वहां के वाहन चालक वलसाड में ईंधन भरवाने आ रहे हैं।

## न्यूज़ ट्रैक....

### टीम को सभी क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन से जीत मिली: राहुल

**मुंबई** । लखनऊ सुपरजाइंट्स के कप्तान लोकेश राहुल ने कहा है कि आईपीएल के 15 वें सत्र में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) पर टीम पर जो जीत मिली है। उसके लिए टीम के खिलाड़ियों का ऑलराउंड प्रदर्शन जिम्मेदार है। इस मैच में सीएसके से मिले 211 रनों के लक्ष्य को सुपरजाइंट्स ने लुईस के नाबाद 55 रन और क्वींटन डिकॉक के 61 रनों की सहायता से आसानी से हासिल कर लिया। राहुल ने कहा, ''रवि बिश्नोई ने शानदार प्रदर्शन किया , पिछले मैच में खराब प्रदर्शन के बाद गीली गेंद होने के बाद भी उसने अच्छी वापसी की। मैंने बडोनी के कुछ वीडियो देखे हैं और इसमें केवल अच्छे शॉट नजर आते हैं। उसने शानदार बल्लेबाजी की। वह 360 डिग्री में खेलने वाला खिलाड़ी है। भारत के लिए सीमित ओवरों के क्रिकेट में शानदार खोज। ''उन्होंने कहा, ''इन हालात में आप एक-दो ओवर इंतजार कर सकते हो। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज डिकॉक भी अच्छी लय में नजर आया। है, उसने शानदार बल्लेबाजी की। लुईस ने अपनी बल्लेबाजी पर कड़ी मेहनत की है , उसकी टाइमिंग बेहतर होती जा रही है। वहीं दूसरी ओर सीएसके टीम के कप्तान रविन्द्र जडेजा हार से निराश नजर आये। जडेजा ने मैच के बाद स्वीकार किया कि उन्हें खराब क्षेत्ररक्षण के कारण हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि हम अवसरों का लाभ नहीं उठा पाये।

### बदोनी के छक्के से महिला प्रशंसक घायल

**मुम्बई** । लखनऊ सुपर जायंट्स की चेन्ड़नई सुपर किंग्ड़स के खिलाफ सातवें मैच में मिली जीत के दौरान क्विंटन डि कॉक के अर्धशतक 61 रन और एविन लुईस के नाबाद 55 रनों की आक्रामक पारी की अहम भूमिका रही। इस दौरान लखनऊ की ओर से आयुष बदोनी ने 9 गेंदों में 2 छक्कों की सहायता से नाबाद 19 रन बनाये पर इस दौरान उनके एक छक्ड़के से एक महिला प्रशंसक घायल भी हो गयी। अंतिम ओवर में लखनऊ को जीत के लिए 34 रन की जरूरत थी। तब बल्ड़लेबाज बदोनी ने 19वें ओवर की पहली गेंद पर ही एक छक्ड़का लगाया। इस पर गेंद सीधे ही स्ड़टैंड में जा गिरी। तब एक महिला प्रशंसक कैच पकड़ने के प्रयास में घायल भी हो गयी हालांकि उसके कोई गंभीर चोट नहीं लगी। बदोनी ने लखनऊ की जीत में बड़ी भूमिका निभाई। उन्ड़होंने लुईस के साथ मैच विजेता साझेदारी की। दोनों ने मिलकर 40 रन जोड़े। शिवम के 19 ओवर में बदोनी और लुईस ने मिलकर कुल 25 रन जोड़े। अंतिम ओवर की तीसरे गेंद पर बादोनी ने एक रन लेकर टीम को जीत दिला दी।

### नेमार के बहुत बड़े प्रंशसक वानिंदु हसरंगा

**मुंबई** । कोलकाता नाइट राइडर्स को 128 रनों पर सिमटने में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्पिनर वानिंदु हसरंगा का बड़ा योगदान रहा। हसरंगा ने 20 रन देकर चार विकेट झटके, इसकारण वह मैन ऑफ द मैच भी रहे। हसरंगा को प्रत्येक विकेट मिलने के बाद यूनिक सेलिब्रेशन मनाते हुए देखा गया। मैन ऑफ द मैच बनने के बाद आखिरकार हसरंगा ने खुलासा किया कि वह ब्राजीली फुटबॉलर नेमार के बड़े फैंन हैं। नेमार भी गोल करने के बाद ऐसे ही सेलिब्रेशन मनाते हैं, इसकारण उन्होंने भी इसतरह का सेलिब्रेशन मनाया। हसरंगा ने इस दौरान अपनी बॉलिंग पर भी बात की। उन्होंने कहा कि मैं आज बल्लेबाजी करते हुए कुछ खास नहीं कर पाया लेकिन अच्छा लगा कि गेंदबाजी करते हुए विकेट चटकाने में सफल रहा। पहले पारी में ओस के कारण गेंदबाजी करना काफी मुश्किल होता है।

# बीसीसीआई ने आईपीएल मीडिया अधिकारों के लिए 33 हजार करोड़ रुपए आधार मूल्य निर्धारित किया

**नई दिल्ली** । क्रिकेट की शीर्ष संस्था भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल के मीडिया अधिकारों के लिए 33,000 करोड़ रुपए का आधार मूल्य निर्धारित किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक बीसीसीआई मीडिया अधिकारों के लिए एक गैर-अनन्य क्लस्टर सहित चार बंडल तैयार कर रहा है। बीसीसीआई ने बेशक आगे चल कर आईपीएल मैचों की संख्या बढ़ाने का विकल्प रखा है, लेकिन टेंडर के लिए आमंत्र (आईटीटी) दस्तावेज, जिसे बीसीसीआई ने बुधवार से बिक्री के लिए उपलब्ध किया है, 10 टीमों के 74 मैचों के मौजूदा प्रारूप के आधार पर विभिन्न बंडलों की कीमत आरक्षित रखेगा। रिपोर्ट के अनुसार इस बार समग्र बोली का कोई विकल्प नहीं है जिसके माध्यम से स्टार स्पोर्ट्स ने मौजूदा 2018-2022 चक्र के मीडिया अधिकार हासिल किए थे। बीसीसीआई द्वारा जारी आईटीटी के मुताबिक बंडल ए भारतीय उपमहाद्वीप के टेलीविजन अधिकारों के लिए है और सिर्फ भारतीय उपमहाद्वीप में प्रसारण के लिए बीसीसीआई को 49 करोड़ रुपए प्रति मैच मिलेंगे। यानी कुल मिलाकर पांच साल तक इससे लगभग 18,130 करोड़ रुपए मिलेंगे।

बंडल बी डिजिटल अधिकारों के लिए है, जिसका आधार मूल्य 33 करोड़ रुपए प्रति मैच रखा गया है। बीसीसीआई को इससे पांच सालों तक 12,210 करोड़ रुपए आएंगे। वहीं बहुचर्चित विशेष पैकेज बंडल सी है, जिसमें 18 मैचों के लिए एक अलग प्रसारण खिड़की बनाई गई है, जिससे 16 करोड़ रुपए प्रति मैच की कमाई होगी। इसमें टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच, डबल हेडर मुकाबले और प्लेऑफ मुकाबले शामिल हैं। इन मैचों का प्रसारण सिर्फ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर होगा। प्रति सीजन 74 मैचों और पांच साल के हिसाब से इस बंडल से बीसीसीआई को 1440 करोड़ रुपए की कमाई होगी। टेंडर में चौथा और आखिरी बंडल वैश्विक प्रसारण के लिए है, जिसकी कीमत तीन करोड़ रुपए प्रति मैच की रहेगी। सभी बंडल को मिलाएं तो इसका आधार मूल्य कुल 32890 करोड़ रुपए हो जाता है। उल्लेखनीय है कि बीसीसीआई की ओर से मीडिया अधिकारों के लिए टेंडर जारी कर दिया है, ऐसे में अब कई कंपनियां इसके लिए आवेदन करेंगी। अगर ऑक्शन में होड़ होती है तो बीसीसीआई मालामाल हो सकता है।

## टी20 में 7000 रन बनाने वाले भारत के छठे बल्लेबाज धोनी



**नई दिल्ली** । चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने आईपीएल के 15 वें सत्र में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबले में अपने सात हजार रन पूरे किये। धोनी टी20 प्रारुप में यह उपलब्धि हासिल करने वाले भारत के धठे बल्लेबाज हैं। वहीं जहां तक विकेटकीपरों की बात है वह पहले भारतीय विकेटकीपर विकेटकीपर हैं। धोनी ने इसके अलावा इस मैच में छक्के से अपना खाता खोला। धोनी को यह रिकार्ड बनाने के लिए 16 रनों की ही जरुरत थी। सीएसके की पारी की अंतिम गेंद पर चौका लगाकर धोनी टी20 में सात हजार रन बनाने वाले भारत के छठे बल्लेबाज बने। इससे पहले भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली, रोहित शर्मा, सुरेश रैना, शिखर धवन और रॉबिन उपथप्पा ने सात हजार का आंकड़ा हासिल किया है। टी20 क्रिकेट में कोहली के नाम 10,326 रन दर्ज हैं जबकि रोहित ने अभी तक कुल 9,936 रन बनाए हैं। रैना ने 8654 जबकि धवन ने 8,818 रन बनाये हैं। उथप्पा ने टी20 में कुल 7,120 रन लिए हैं। विश्व भर के क्रिकेटरों की बात करें तो टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के नाम है। गेल ने सबसे ज्यादा 14,562 रन बनाए हैं जबकि पाकिस्तान के शोएब मलिक 11698 रन के साथ दूसरे वहीं वेस्टइंडीज के कीरोन पोलार्ड 11430 रन के साथ तीसरे नंबर पर हैं। धोनी ने सीएसके की ओर से 4687 जबकि राइजिंग पुणे सुपरजाइंट्स की ओर से 574 रन शामिल है। टीम इंडिया की ओर से खेलते हुए धोनी ने 1617 रन जुटाए हैं जबकि झारखंड की ओर से टी20 में उन्होंने 123 रन बनाए हैं।

## आईपीएल के बीते चार सीजन में केएल राहुल ने लगाए सबसे ज्यादा छक्के



**मुंबई** । क्रिकेट को रोमांच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीए-2022) में चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स की टीमों का मुकाबला होंगा। दोनों टीमों की सीजन की शुरुआत अच्छी नहीं रही है। चेन्नई को कोलकाता के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। वहीं लखनऊ की टीम को गुजरात टाइटंस ने हराया था। अपना पहला सीजन खेल रही लखनऊ की कमान धुरंधर बल्लेबाज केएल राहुल के हाथों में है। राहुल हालांकि गुजरात के खिलाफ खाता भी नहीं खोल पाए थे लेकिन चेन्नई के कप्तान रविंद्र जडेजा को मालूम है कि एक बार लय पकड़ पाने के बाद राहुल को रोकना मुश्किल है।

राहुल ने बीते सीजन में 626 रन बनाए थे। इसके अलावा 2020 में 670, 2019 में 593 और 2018 में 659 रन बनाए थे। यानी बीते चार सीजन में वह तीन बार छह सौ से ज्यादा रन बना चुके हैं। और एक बार सिर्फ सात रन से ही पीछे रहे थे। राहुल की फॉर्म जडेजा को चिंता में डाल सकती है।

केएल राहुल के साथ खासियत यह है कि वह परंपरागत शॉट खेलते हुए भी तेजी से रन बना सकते हैं। इसके अलावा इनोवेशन में भी उनका कोई जवाब नहीं। राहुल को जो बात सबसे ज्यादा खतरनाक बनाती है वह उनके सिक्स मारने की काबिलियत। यह बात शायद आपको हैरान करे लेकिन बीते चार सीजन में आईपीएल में सबसे ज्यादा सिक्स मारने वाले बल्लेबाज न तो कायरन पोलार्ड हैं, न आंद्रे रसल और न ही रोहित शर्मा। इस सूची में सबसे ऊपर नाम आता है केएल राहुल का।

पंजाब किंग्स के इस पूर्व कप्तान ने 56 पारियों में 110 छक्के लगाए हैं। यानी हर पारी में लगभग दो सिक्स। यह अपने आप में यह बताने के लिए काफी है कि जडेजा ऐंड कंपनी के लिए इस सलामी बल्लेबाज पर जल्द लगाम लगाना कितना जरूरी है। और जडेजा यह काम खुद बहुत अच्छा कर चुके हैं। उन्होंने हालांकि राहुल को टी20 क्रिकेट में कभी आउट नहीं किया है लेकिन राहुल के लिए जडेजा की गेंदबाजी पर रन बनाना कभी आसान नहीं रहा है। उन्होंने सभी टी20 में जडेजा की 38 गेंदों का सामना किया है और उन पर सिर्फ 39 रन बनाए हैं।

## पोवार का अनुबंध समाप्त, महिला टीम में लक्ष्मण निभा सकते हैं बड़ी भूमिका

**नई दिल्ली** । भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच रमेश पोवार का अनुबंध आईसीसी विश्व कप अभियान के साथ खत्म हो गया था और बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के नियमों के अनुसार उन्हें फिर से पद के लिए आवेदन करना पड़ेगा। निराशाजनक विश्व कप अभियान महिलाओं के क्रिकेट में आमूलचूल बदलाव ला सकता है, क्योंकि राष्टीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण देश के क्रिकेटरों की अगली पीढ़ी को तैयार करने में सक्रिय रूप से हिस्सा ले रहे हैं। महिला टीम विश्व कप के सेमीफाइनल तक भी नहीं पहुंची। पोवार ने डब्ल्यूवी रमन की जगह ली थी, जिन्होंने 2020 में टीम को टी20 विश्व कप फाइनल तक पहुंचाया था। बीसीसीआई के वरिष्ठ सूत्र ने बताया कि पोवार का अनुबंध विश्व कप तक था। अनुबंध बढ़ाने का कोई प्रावधान नहीं है। इसकारण पूरी प्रक्रिया आवेदन भरने और साक्षात्कार से शुरू होगी। पोवार निश्चित रूप से फिर से आवेदन भर सकते हैं और सीएसी (क्रिकेट सलाहकार समिति) संविधान के अनुसार इस पर फैसला लेगी। टीम के साथ अच्छे प्रदर्शन के बाद रमन को दूसरा कार्यकाल नहीं दिया गया था और पोवार को वापस लाया गया था, जबकि कप्तान मिताली राज और उनके बीच मतभेद जगजाहिर रहे हैं। सूत्र ने कहा, सीएसी फैसला करती है, अगर उन्हें लगा कि रमेश रमन से बेहतर होगा तब यह उनका फैसला था।

## विराट कोहली के बचपन के कोच को हटने की तैयारी में डीडीसीए

**नई दिल्ली** । पूर्व कप्तान विराट कोहली के बचपन के कोच राजकुमार शर्मा को दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) उनके पद से हटाने पर विचार कर रहा है। दरअसल पिछले 2 घरेलू सीजन से दिल्ड़ली की सीनियर टीम बेहद निराशजनक प्रदर्शन कर रही है, इसके बाद अनुभवी कोच शर्मा को उनके पद पर डीडीसीए बरकरार नहीं रखेगा। दिल्ली की टीम का रणजी ट्रॉफी में भी काफी खराब प्रदर्शन रहा था। झारखंड के हाथों शर्मनाक हार के बाद टीम अपने ग्रुप में सबसे निचले स्ड़थान पर रही थी और नॉकआउट में पहुंचने में भी नाकाम साबित हुई थी। जिसके बाद से ही तय था कि राजकुमार को पद से हटा दिया जाएगा। डीडीसीए के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि डीडीसीए पूरे कोचिंग ढांचे को नया रूप देगा और साथ ही अगले सीजन में राजकुमार के कॉन्ड़ट्रेक्ड़ट को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। राजकुमार के नेतृत्ड़व वाली दिल्ड़ली टीम पिछले साल विजय हजारे और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में नॉकआउट तक भी नहीं पहुंच सकी थी। टीम का प्रदर्शन और गिरता गया और इस साल टीम की हालत काफी खराब हो गई। दिल्ड़ली की टीम सभी टूर्नामेंट में ग्रुप चरण से आगे ही नहीं बढ़ सकी। राजकुमार के कोच पद पर रहते हुए प्ड़लेइंग इलेवन पर भी सवाल उठे थे। लंबे फॉर्मेट में शानदार खिलाड़ियों में से एक आयुष बादोनी, तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह और मयंक यादव जैसी युवा प्रतिभा को मौका नहीं दिया गया था। डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा कि आगे की रणनीति तय करने के लिए समिति गठित की गई है, जिसमें मदन लाल, विनय लांबा और सुनील वाल्सन शामिल हैं।

## व्यापारन्यूज

### फरवरी में गैर खाद्य कर्ज आठ प्रतिशत बढ़ा



**मुंबई** । गैर-खाद्य कर्ज फरवरी में आठ प्रतिशत बढा दिया गया है। एक साल पहले इसी अवधि में इसमें 6.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह जानकारी दी। वित्त वर्ष 2021-22 में एक अप्रैल से 25 फरवरी तक गैर-खाद्य ऋण वृद्धि 6.2 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 3.7 प्रतिशत थी। उद्योग के लिए कर्ज वृद्धि फरवरी, 2022 में उछलकर 6.5 प्रतिशत रही जो पिछले साल इसी महीने में एक प्रतिशत थी। मझोले उद्यमों के मामले में कर्ज वृद्धि आलोच्य महीने में 71.4 प्रतिशत रही, जबकि 2021 के फरवरी महीने में यह 30.6 प्रतिशत थी। हालांकि, बड़ी कंपनियों की मांग नरम बनी हुई है और फरवरी, 2022 में इसमें 0.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि एक साल पहले इसी महीने में 0.6 प्रतिशत की गिरावट आई थी। सेवा क्षेत्र में कर्ज वृद्धि फरवरी, 2022 में घटकर 5.6 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 8.8 प्रतिशत थी। केंद्रीय बैंक के अनुसार कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिये कर्ज में आलोच्य महीने में 10.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि एक साल पहले फरवरी में 2021 में यह 8.6 प्रतिशत थी। स्वर्ण कर्ज में वृद्धि फरवरी, 2022 में घटकर 26.2 प्रतिशत पर आ गई जो एक साल पहले इसी महीने में 75.9 प्रतिशत थी।

### आईडीआरसीएल में केनरा, एसबीआई, पीएनबी और यूनियन बैंक की हिस्सेदारी घटी

**नई दिल्ली** । भारत ऋण समाधान कंपनी लिमिटेड (आईडीआरसीएल) में सार्वजानिक क्षेत्र के स्टेट बैंक ऑ? इंडिया (एसबीआई), केनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) और यूनियन बैंक ऑ? इंडिया की हिस्सेदारी घटकर पांच-पांच प्रतिशत रह गई है। बैड बैंक या राष्टीय संपत्ति पुनर्गठन कंपनी लिमिटेड (एनएआरसीएल) इन बैंकों के बही-खातों को साफ-सुथरा करने में मदद करने को उनका डूबा कर्ज लेगी, जबकि आईडीआरसीएल इन कर्ज की ऋण समाधान प्रक्रिया को संभालेगी। बैंकों ने शेयर बाजार को भेजी सूचना में कहा कि एनएआरसीएल के ताजा तरजीही आवंटन के साथ केनरा बैंक की हिस्सेदारी घटकर पांच प्रतिशत पर आ गई है। पहले सह 14.90 प्रतिशत थी। हिस्सेदारी में कमी मौजूदा शेयरधारकों को तरजीही आधार पर नए शेयर जारी करने के कारण हुई है। इसके अलावा ऋण समाधान कंपनी में पीएनबी बैंक की हिस्सेदारी भी 11.8 प्रतिशत से और यूनियन बैंक की हिस्सेदारी 12.30 प्रतिशत से घटाकर पांच-पांच फीसदी रह गई है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक एनएआरसीएल में 51 प्रतिशत और ऋण प्रबंधन कंपनी आईडीआरसीएल में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी रखेंगे।

### ट्राई ने मासिक रिचार्ज टैरिफ योजना स्पष्ट की

**नई दिल्ली** । दूरसंचार नियामक ट्राई ने मासिक रिचार्ज वाली टैरिफ योजना के संबंध में अपने जनवरी के निर्देश पर एक स्पष्टीकरण जारी किया और इसे लागू करने के लिए दूरसंचार परिचालकों को 60 दिनों का अतिरिक्त समय दिया। इस योजना के तहत ट्राई ने दूरसंचार परिचालकों से कम से कम एक ऐसी टैरिफ योजना लाने के लिए कहा था, जिसे हर महीने की एक ही तारीख को नवीनीकरण किया जा सकता हो। उद्योग के अनुरोध के बाद भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने स्पष्ट किया कि यदि इस तरह के नवीनीकरण के लिए एक ही तारीख किसी महीने में नहीं होने पर, नवीनीकरण की तारीख उस महीने की आखिरी तारीख होगी। उदाहरण के लिए मान लीजिए यदि नवीनीकरण की तारीख 31 जनवरी है, तो अगली तारीख 28 फरवरी या 29 फरवरी होगी होगी और बाद की तिथियां 31 मार्च तथा 30 अप्रैल आदि होंगी। ट्राई के एक सलाहकार ने कहा कि स्पष्टीकरण के मद्देनजर परिचालकों को निर्देश का पालन करने के लिए 60 दिन का समय दिया जाएगा।

### मजबूती के साथ खुले शेयर बाजार

## सेंसेक्स 113 अंक चढ़ा, निफ्टी 17,500 पर



**मुंबई** । कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में तेज गिरावट और एचडीएफसी बैंक, टाटा स्टील और कोटक महिंद्रा बैंक जैसे बड़े शेयरों के लाभ में कारोबार करने से घरेलू शेयर बाजार के मानक सूचकांक सेंसेक्स में शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में ही करीब 113 अंक का उछाल देखा गया। विदेशी पूंजी प्रवाह से भी निवेशकों की धारणा को बल मिला। बीएसई का तीस शेयरों का सूचकांक सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 112.71 अंक चढ़कर 58,681.22 अंक पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी 33.35 अंक की मजबूती के साथ 17,498.10 अंक पर मौजूद था। सेंसेक्स समूह में शामिल कंपनियों में से एनटीपीसी, पॉवर ग्रिड, टाटा स्टील, महिंद्रा ऐंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर लाभ की स्थिति में थे। वहीं टाइटन, इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक और नेस्ले इंडिया के लिए शुरुआती कारोबार नुकसानदेह साबित हुआ। पिछले कारोबारी दिवस पर गुरुवार को बीएसई सेंसेक्स 115.48 अंक की गिरावट के साथ 58,568.51 अंक पर बंद हुआ था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 33.50 अंक की गिरावट के साथ 17,464.75 अंक पर बंद हुआ था।

## सोना फिर फिसला, चांदी की कीमत भी घटी

**नई दिल्ली** । वैश्विक बाजार में उतार-चढ़ाव की वजह से नए वित्त वर्ष के पहले दिन शुक्रवार को भी सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली। हालांकि, सोने का रेट अब भी 51 हजार के ऊपर बना हुआ है। शुक्रवार को एमसीएक्स पर सोने की कीमत 0.41 फीसदी गिरकर 51,954 रुपए प्रति दस ग्राम पर रह गई है, वहीं चांदी के दाम में 0.27 फीसदी की कमी आई है। इसके बाद चांदी का भाव टूटकर 67,306 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया है। विदेशी बाजार में शुक्रवार सुबह सोने का हाजिर भाव 0.10 फीसदी बढ़कर 1,938.85 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गया। हालांकि, चांदी का रेट 0.48 फीसदी गिरावट के साथ 25 डॉलर प्रति औंस के आसपास बना हुआ है। एक दिन पहले विदेशी बाजार में सोना और चांदी दोनों की कीमतों में उछाल आया था। विशेषज्ञों का कहना है कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध समाप्त होने के बाद पीली धातु की मांग में कमी आएगी और कीमतें और भी नीचे जा सकती हैं। अनुमान है कि अगले 50 दिनों में सोने का हाजिर भाव 1,892 डॉलर प्रति औंस तक जा सकता है। चांदी भी 24 डॉलर प्रति औंस के आसपास रहने का अनुमान है। भारतीय बाजार में चांदी 66,550 रुपए के आसपास ट्रेडिंग करने का अनुमान है, जबकि सोना 50,550 रुपए तक सस्ता हो सकता है। गौरतलब है कि देश भर में सोने के आभूषणों की कीमत उत्पाद शुल्क, राज्य करों और मेकिंग चार्ज के कारण बदलती रहती है।

## वित्त वर्ष 2022-23 के पहले दिन पेट्रोल और डीजल की कीमत स्थिर



**नई दिल्ली** । देश में तेल विपणन करने वाली कंपनियों ने वित्त वर्ष 2022-23 के पहले दिन पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की है। बीते सात दिनों से लगातार बढ़ रहे ईंधन के दामों में कंपनियों ने शुक्रवार को कोई इजाफा नहीं किया है। दिल्ली में गुरुवार को पेट्रोल-डीजल के दामों में क्रमशः 80-80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोत्तरी की गई थी। इस वृद्धि के बाद दिल्ली में पेट्रोल 101.81 रुपए प्रति लीटर और डीजल के 93.07 रुपए प्रति लीटर के दाम से बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 116.72 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 100.94 रुपए प्रति लीटर पर है। रूस के यूक्रेन पर हमला करने के कारण वैश्विक स्तर पर तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बाधित होने की आशंका में इनकी कीमतों में उछाल आया है। पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिनों की स्थिरता के बाद बढ़नी शुरू हुई हैं। अंतरराष्टीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार उतार-चढाव देखने को मिल रहा है। लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.13 प्रतिशत गिरकर 104.57 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 0.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.95 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। शुक्रवार को दिल्ली में पेट्रोल 101.81 रुपए प्रति लीटर, डीजल 93.07 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता पेट्रोल 111.35 रुपए प्रति लीटर, डीजल 96.22 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 116.72 रुपए प्रति लीटर, डीजल 100.94 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 107.45रुपए प्रति लीटर, डीजल 97.52 रुपए प्रति लीटर चल रहा है।

### इंडिगो के पायलटों का वेतन बढ़ा

नई दिल्ली । विमानन कंपनी इंडिगो ने अपने पायलटों का वेतन आठ प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। कोविड-19 महामारी के प्रकोप के बाद अंतरराष्टीय उड़ान सेवाएं 28 मार्च से फिर से शुरू हुई हैं। पिछले साल 18 अक्टूबर को देश में पूर्ण नियमित घरेलू उड़ानें फिर से शुरू हुई। यह एक अप्रैल से लागू हो जाएगा।

## भारत में सस्ती हैचबैक कारों में होंडा अमेज है शानदार

**नई दिल्ली** । सस्ती हैचबैक कारों में भारत में होंडा अमेज जैसी पॉपुलर सेडान भी है। इस कार में आराम से 5 लोग बैठकर कहीं भी जा सकते हैं। लोगों के पास मारुति डिजायर और टाटा टिगोर जैसे ऑप्शन भी हैं, लेकिन जो लोग लुक और बिल्ड क्वॉलिटी के साथ ही पावर पर फोकस करते हैं, उनके लिए होंडा अमेज बेहतरीन ऑप्शन के रूप में है। हम आपको होंडा अमेज के सभी डीजल और पेट्रोल वेरिएंट्स की कीमत और खासियत के साथ ही माइलेज डिटेल्स बताने जा रहे हैं। पॉपुलर सेडान होंडा अमेज के ई, एस और वीएक्स ट्रिम लेवल में कुल 9 वेरिएंट्स हैं, जिनकी कीमतें 6.38 लाख रुपये से लेकर 11.21 लाख रुपये (एक्स शोरूम) तक हैं। अमेज को पेट्रोल और डीजल इंजन ऑप्शंस के साथ ही मैनुअल और ऑटोमैटिक दोनों तरह के ट्रांसमिशन में पेश किया गया है। यह सेडान 6 कलर ऑप्शन में है। अमेज में 1498 सीसी तक का इंजन लगा है, जो कि 97.89 बीएचपी तक की पावर जेनरेट करता है। होंडा अमेज के पेट्रोल वेरिएंट की माइलेज 18.6 केएमपीएल और डीजल वेरिएंट की माइलेज 24.7 केएमपीएल तक है। होंडा अमेज के सभी वेरिएंट्स की कीमतों की बात करें होंडा अमेज ई मैनुअल पेट्रोल वेरिएंट की कीमत 6.38 लाख रुपये है। होंडा अमेज एस मैनुअल पेट्रोल वेरिएंट की कीमत 7.22 लाख रुपये है। होंडा अमेज एस सीवीटी ऑटोमैटिक पेट्रोल वेरिएंट की कीमत 8.12 लाख रुपये है। होंडा अमेज वीएक्स मैनुअल पेट्रोल वेरिएंट की कीमत 8.28 लाख रुपये है। ये सभी एक्स शोरूम प्राइस हैं। होंडा अमेज ई डीजल मैनुअल वेरिएंट की कीमत 8.73 लाख रुपये है। होंडा अमेज वीएक्स सीवीटी ऑटोमैटिक पेट्रोल वेरिएंट की कीमत 9.11 लाख रुपये है। होंडा अमेज एस डीजल मैनुअल वेरिएंट की कीमत 9.32 लाख रुपये है। होंडा अमेज वीएक्स डीजल मैनुअल वेरिएंट की कीमत 10.31 लाख रुपये है। होंडा अमेज वीएक्स सीवीटी डीजल ऑटोमैटिक वेरिएंट की कीमत 11.21 लाख

### हीरो मोटोकॉर्प के दोपहिया वाहन होंगे महंगे

नई दिल्ली । टू-व्हीलर कंपनी हीरो मोटोकॉर्प अपने दोपहिया वाहनों को महंगा करने जा रही है। कंपनी 5 अप्रैल 2022 से अपने वाहनों को महंगा करने जा रही है। हीरो मोटोकॉर्प कंपनी अपनी लाइनअप में 2000 रुपये तक की बढ़ोतरी करेगी। बढ़ी कीमतों के पीछे कंपनी का कहना है कि कच्चे माल की कीमतों में आई महंगाई के कारण वाहनों को बनाने वाली लागत बढ़ गई है, जिसके कारण वाहनों की कीमतों को बढ़ाया जा रहा है। ऐसे में अगर आप हीरो के स्कूटर या मोटरसाइकिल को मौजूदा कीमत पर खरीदना चाहते हैं तो आपको 4 अप्रैल 2022 तक खरीदारी करनी होगी। 5 अप्रैल से पहले अगर आपने हीरो मोटोकॉर्प के किसी भी दोपहिया वाहन को बुक कर लिया तो आपको बढ़ी हुई कीमतें नहीं देनी होंगी। हीरो एचएफ 100 भारतीय बाजार में कंपनी की सबसे सस्ती बाइक है। वहीं, हीरो एचएफ डीलक्स और हीरो स्पलेंडर बेस्ट सेलिंग मोटरसाइकिलों की लिस्ट में टॉप-3 नंबर पर आती हैं।बता दें कि इसी साल जनवरी महीने में कंपनी ने अपने दोपहिया वाहनों की कीमतों में 2000 रुपये तक की बढ़ोतरी की थी।

# राधे के विलेन रणदीप के लिए अपने किरदार में ढलना था रोमांचक अनुभव!



फिल्म राधे का ट्रेलर जब से रिलीज हुआ, दर्शक रणदीप हुड्डा के किरदार के बारे में जानने के लिए उत्सुक है। हमें फिल्म के विलन के रूप में उनकी भूमिका की एक संक्षिप्त जानकारी मिली है जिसने हमें निश्चित रूप से अधिक जिज्ञासु कर दिया है। उनके करैक्टर की एक झलक उन्हें एक सहज व्यक्ति के रूप में दशार्ती है, जिसमें स्वैग और खतरे का घातक संयोजन है। यह सब उनके द्वारा अभिनीत सबसे बड़े विरोधी राणा की भूमिका में बखूबी नजर आता है। ट्रेलर में कुछ क्षण में हमने सलमान और रणदीप के किरदारों को एक-दूसरे के साथ बातचीत करते (लड़ते हुए) देखा था जिससे दर्शकों को इस बात का अंदाजा लग गया कि यह एक अल्टीमेट फेस-ऑफ होने वाला है। फिल्म में उनकी भूमिका के बारे में बात करते हुए, रणदीप हुड्डा ने कहा,मैंने अपने करियर में कई ग्रे किरदार निभाए हैं। इसलिए, इस तरह के पूरी तरह से ब्लैक किरदार में ढलना एक रोमांचक अनुभव था। राणा के स्वभाव में ढलने के लिए अन्य पहलुओं की तुलना में लुक और स्वैग की अधिक आवश्यकता थी। यह सलमान के साथ मेरा तीसरा सहयोग है और यह हमेशा की तरह मजेदार और रोमांचक था। प्रोडक्शन से जुड़े सूत्र ने बताया,यह भूमिका रणदीप के लिए भावनात्मक रूप से अलग होगी क्योंकि यहाँ उन्हें एक क्रूर और व्यवहारिक करैक्टर को अपनाना था। किक में सलमान खान के साथ रिश्ता एक अलग स्थान पर था। राधे में, वे दोनों अपनी सीमाओं को पार करते हुए दिखाई देंगे और ऐसे दृश्य हैं जहां वे एक-दूसरे के साथ लड़ते हुए नजर आएंगे। सलमान खान के साथ, फिल्म में दिशा पटानी, रणदीप हुड्डा और जैकी श्रॉफ भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। राधे- योर मोस्ट वांटेड भाई को सलमान खान फिल्म्स ने जी स्टूडियो के साथ मिलकर प्रस्तुत किया है। सलमा खान, सोहेल खान और रील लाइफ प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित, यह फिल्म इस साल ईद के मौके पर 13 मई को रिलीज होगी। फिल्मों को जी5 पर पे-पर-व्यू सर्विस जी प्लेक्स पर देखा जा सकता है। जीप्लेक्स डीटीएच प्लेटफॉर्म जैसे डिश, डी2एच, टाटा स्काई और एयरटेल डिजिटल टीवी पर भी उपलब्ध है।

## बच्चे को गोद में लिए नजर आ रहे रणबीर कपूर



रणबीर कपूर बॉलीवुड के उन अभिनेताओं की लिस्ट में आते हैं जो अपने गुड लुक की वजह से सुर्खियों में रहते हैं। अभिनेता रणबीर कपूर के लुक्स की लोग अक्सर तारीफ करते हैं। ये कहा जा सकता है कि वो बॉलीवुड इंडस्ट्री के सबसे स्टाइलिश, गुड लुकिंग और हैंडसम अभिनेताओं की लिस्ट में आते हैं। अब इसी बीच अभिनेता रणबीर कपूर की एक पुरानी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसमें वो एक बच्चे को अपनी गोद में लिए हुए दिखाई दे रहे हैं। रणबीर कपूर की इस तस्वीर को खुद उनकी बहन रिधिमा कपूर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। जिसमें अभिनेता रणबीर कपूर न्यू बोर्न बेबी को गोद में लिए हुए नजर आ रहे। इस दौरान अभिनेता रणबीर बेबी को गौर से देखते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए रिधिमा कपूर ने कैप्शन में लिखा कि, दोनों क्यूट है। साथ ही दो हार्ट वाली इमोजी भी शेयर की है। हालांकि इस तस्वीर को देखकर ऐसा लग रहा है कि रणबीर कपूर अपनी भांजी को गोद में लिए हुए नजर आ रहे हैं। बता दें कि अभिनेता रणबीर कपूर को बीते दिन अपने पिता ऋषि कपूर की पहली पुण्यतिथि पर अपनी मां नीतू कपूर के घर पर आलिया भट्ट के साथ गए थे। इस दौरान की तस्वीरें सामने आई थी जिसमें दोनों कलाकारों को एक साथ देखा गया था। अगर बात करें रणबीर कपूर के काम की तो वो आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं। जिसमें उनकी फिल्म ब्रह्मास्त्र, शमशेरा और एनिमल जैसी फिल्में शामिल हैं।

## मीरा जैस्मीन कर रही हैं सत्यन एंथीकड की फिल्म में वापसी

मशहूर अभिनेत्री मीरा जैस्मीन पांच साल के लंबे अंतराल के बाद लोकप्रिय निर्देशक सत्यन एंथीकड की फिल्म में अपनी वापसी कर रही हैं। एंथीकड ने स्वयं इसकी घोषणा की, जो खुद भी तीन साल के अंतराल के बाद किसी फिल्म का निर्देशन करने जा रहे हैं और यह उनकी 57वीं फिल्म होगी। उन्होंने कहा कि फिल्म में जयराम को शामिल किया गया है और इनके अलावा इनोसेंट, श्रीनिवासन और सिद्दिकी भी फिल्म में अभिनय करते दिखाई देंगे। सेंट्रल पिक्‍ सर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म की स्क्रिप्ट इकबाल कुट्टीपुरम ने लिखी है और सिनेमैटोग्राफी का काम पुरस्कार विजेता कैमरामैन एस.कुमार संभाल रहे हैं। यह खबर भी पढ़ें: किसी हॉरर डायन से कम नहीं है जैजमिन बीन, तस्वीरें देख निकल जाएगी आपकी चीख एंथीकड पिछले कुछ सालों में शीर्ष निर्देशकों की सूची में शामिल हो गए हैं। इस काम के साथ वह बीते चार दशकों से जुड़े हुए हैं।

# मेरा संघर्ष किसी भी अन्य अभिनेता से अलग नहीं: वर्धन पुरी



**दिवंगत अभिनेता अमरीश पुरी के पोते अभिनेता वर्धन पुरी ने कहा है कि उनका संघर्ष किसी भी अन्य अभिनेता से अलग नहीं रहा है क्योंकि उनके दादा तब उनके पास नहीं थे जब उन्होंने सिनेमा में कदम रखा था। उन्होंने बताया, इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाना बहुत मुश्किल है। लोग इस बात पर यकीन नहीं करेंगे लेकिन यह आसान नहीं था मेरे दादाजी का निधन तब हो गया था जब मैं बहुत छोटा था और वह मेरे लिए कॉल करने या फिल्म निर्मातओं के कार्यालयों में ले जाने के लिए मौजूद नहीं थे।2019 में फिल्म ये साली आशिकी से अपनी शुरूआत करने वाले अभिनेता ने अपने दादा के साथ अपनी शानदार यादों को याद किया।**

उन्होंने कहा हर कोई यह जानने के लिए बहुत उत्सुक है कि दादू क्या थे। मेरे पास सबसे अच्छी यादें हैं, जब हम एक साथ फिल्में देखा करते थे। मैं लंबे समय से उस समय को वापस जीना चाहता हूं। मुझे चैप्लिन की फिल्में देखना याद आता है, उस वक्त हम साथ बैठकर नाश्ता करते और ब्रेक के दौरान परिवार से बातचीत करते थे। वर्धन आज एक साल और बड़े हो गए और उन्होंने याद किया कि उनके दादाजी उनके जन्मदिन समारोह का एक बड़ा हिस्सा हुआ करते थे। उन्होंने कहा, कि बचपन में, मेरा परिवार, दोस्त और मैं चाचा के खेत मड आइलैंड जाते थे और पूरे दिन खेलों में भाग लेते थे। मेरे दादा-दादी उसने जज हुआ करते थे और पुरस्कार देते थे। यह सबसे अच्छा था। अभिनेता की योजना इस साल कोविड से प्रभावित लोगों की मदद करने की है। उन्होंने कहा, यह जन्मदिन मैं कोविड से पीड़ित रोगियों को चिकित्सा सेवा देने के लिए एक एनजीओ के साथ हूं। इसके अलावा, रात के खाने के बाद मैं अपने माता-पिता, मेरी बहन साची, उनके पति निशांत और मेरे साथ रहने वाले मेरे सहायकों के साथ समय बिताने की योजना बना रहा हूं। उसके बाद, मैं करीबी दोस्तों और परिवार के साथ एक जूम कॉल पर मिलूंगा और शायद कुछ गेम खेलूंगा।




# अफस्पा का औचित्य

केंद्र सरकार ने गुरुवार को उत्तर पूर्वी राज्यों की दृष्टि से बड़ा कदम उठाते हुए असम, नगालैंड व मणिपुर से सशस्त्र बल विशेषाधिकार कानून (अफस्पा) का क्षेत्र सीमित करने का फैसला किया। यह विशेष कानून अब इन राज्यों के कुछ खास इलाकों तक सीमित रहेगा। इसका एरिया घटा दिया गया है। उत्तर-पूर्व के राज्यों से इस कानून को हटाने के लिए लंबे समय से मांग हो रही है। हालांकि केंद्र ने अभी इसे पूरी तरह हटाने की बजाए कुछ गड़बड़ी वाले क्षेत्रों तक सीमित करने का फैसला किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। शाह ने कहा कि दशकों से उपेक्षित महसूस कर रहे उत्तर-पूर्वी राज्यों के प्रति पीएम नरेंद्र मोदी की वचनबद्धता के कारण वहां शांति, समृद्धि व विकास का नया युग नजर आ रहा है। इस मौके पर मैं उत्तर-पूर्व की जनता को बधाई देता हूं। गृह मंत्री ने कहा कि अफस्पा के दायरे में आने वाले क्षेत्रों में कमी इन राज्यों में सुरक्षा की स्थिति में सुधार, तेजी से विकास व तमाम शांति समझौतों के कारण हो सकी है। उत्तर पूर्व में मोदी सरकार ने शांति बहाल की है। अफस्पा का दायरा सीमित किया जाना एक सकारात्मक कदम है। सेना को विशेषाधिकारों से लैस करने वाले इस बेहद कड़े कानून को पूर्वोत्तर की जनता ने लंबे समय तक एक खतरनाक और दमनकारी कानून के रूप में देखा और झेला है। इस कानून की आड़ में कई बेगुनाह नौजवान सैन्य कार्रवाई का शिकार बने। इसलिए अफस्पा को हटाने की लंबे समय से मांग होती रही है। मणिपुर की सामाजिक कार्यकर्ता इरोम शर्मिला तो इस कानून के विरोध में 16 साल तक अनशन पर रहीं। अफस्पा छह दशक पुराना कानून है। इसे एक सितंबर 1958 को असम, मणिपुर, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम और नगालैंड में लागू किया गया था। इन राज्यों की सीमाएं चीन, म्यांमा, भूटान और बांग्लादेश से मिलती हैं। इन राज्यों को राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून-व्यवस्था की दृष्टि से काफी संवेदनशील बताते हुए इस कानून को लागू किया गया था। वर्ष 1986 में हुए मिजो समझौते के तहत मिजोरम में अफस्पा स्वतः ही खत्म हो गया था। इसके बाद 2015 में कानून-व्यवस्था की समीक्षा के बाद त्रिपुरा से भी अफस्पा हटा लिया गया। दरअसल, पूर्वोत्तर का उग्रवाद सरकारों के लिए बड़ी चुनौती रहा है। पूर्वोत्तर राज्यों में अलग प्रदेश की मांग को लेकर अलगाववादी संगठन हिंसा का सहारा लेते रहे हैं। इन संगठनों को देश के बाहर से मदद मिलती है, यह तथ्य भी किसी से छिपा नहीं है। अफस्पा का मूल मकसद उग्रवादी हिंसा को कुचलना था। लेकिन इस कानून की आड़ में नागरिकों पर जो जुल्म हुए, वे रोंगटे खड़े कर देने वाले थे। जम्मू-कश्मीर में भी अफस्पा 1990 से लागू है। हालांकि हालात को देखते हुए केंद्र ने वहां से इसे हटाने से इनकार कर दिया है। अफस्पा के तहत सेना को असीमित अधिकार हासिल हैं। इस कानून के तहत सेना किसी को भी बिना कारण बताए गिरफ्तार कर सकती है, बिना वारंट किसी भी घर की तलाशी ले सकती है। इस हकीकत से इनकार नहीं किया जा सकता कि अफस्पा का इस्तेमाल एक दमनकारी कानून के रूप में ज्यादा हुआ है। इस कानून के तहत सशस्त्र बलों को बेलगाम शक्तियां दे दी गईं। इसीलिए बेजा इस्तेमाल तो बढ़ना ही था। इस विशेष कानून को बनाने के पीछे मूल भावना तो यह थी कि अशांत क्षेत्रों में उग्रवादी गतिविधियों से निपटने के लिए इसका सहारा लिया जाएगा। इसीलिए सशस्त्र बलों को खुल कर सारे अधिकार दिए गए। अफस्पा के तहत सशस्त्र बलों को बिना अनुमति किसी भी घर की तलाशी लेने, किसी को गिरफ्तार कर लेने और यहां तक कि कानून तोड़ने वाले व्यक्ति पर गोली चला देने जैसे अधिकार हासिल हैं।

# नव सम्वत् पर संस्कृति का सादर वन्दन करें

**डॉ. सौरभ मालवीय**

**नवरात्र हवन के झोंके, सुरभित करते जनमन को।**
**है शक्तिपूत भारत, समरस हो जनमन में ॥**
**नव सम्वत् पर संस्कृति का, सादर वन्दन करते हैं।**
**हो अमित ख्याति भारत की, हम अभिनन्दन करते हैं॥**

2 अप्रैल से विक्रम सम्वत् 2079 का प्रारम्भ हो गया है। विक्रम सम्वत् को नव संवत्सर भी कहा जाता है। संवत्सर पांच प्रकार के होते हैं, जिनमें सौर, चन्द्र, नक्षत्र, सावन और अधिमास सम्मिलित हैं। मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुम्भ एवं मीन नामक बारह राशियां सूर्य वर्ष के महीने हैं। सूर्य का वर्ष 365 दिन का होता है। इसका प्रारम्भ सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करने से होता है। चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, अग्रहायण, पौष, माघ और फाल्गुन

चन्द्र वर्ष के महीने हैं। चन्द्र वर्ष 355 दिन का होता है। इस प्रकार इन दोनों वर्षों में दस दिन का अंतर हो जाता है। चन्द्र माह के बढ़े हुए दिनों को ही अधिमास या मलमास कहा जाता है। नक्षत्र माह 27 दिन का होता है, जिन्हें अश्विन नक्षत्र, भरणी नक्षत्र, कृत्तिका नक्षत्र, रोहिणी नक्षत्र, मृगशिरा नक्षत्र, आर्द्रा नक्षत्र, पुनर्वसु नक्षत्र, पुष्य नक्षत्र, आश्लेषा नक्षत्र, मघा नक्षत्र, पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र, उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र, हस्त नक्षत्र, चित्रा नक्षत्र, स्वाति नक्षत्र, विशाखा नक्षत्र, अनुराधा नक्षत्र, ज्येष्ठा नक्षत्र, मूल नक्षत्र, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, श्रवण नक्षत्र, घनिष्ठा नक्षत्र, शतभिषा नक्षत्र, पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र, उत्तराभाद्रपद नक्षत्र, रेवती नक्षत्र कहा जाता है। सावन वर्ष में 360 दिन होते हैं। इसका एक महीना 30 दिन का होता है।

भारतीय संस्कृति में विक्रम सम्वत् का बहुत महत्त्व है। चैत्र का महीना भारतीय कैलेंडर के हिसाब से वर्ष का प्रथम महीना है। नवीन संवत्सर के संबंध में अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। वैदिक पुराण एवं शास्त्रों के अनुसार चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि को आदिशक्ति प्रकट हुई थीं। आदिशक्ति के आदेश पर ब्रह्मा ने सृष्टि की प्रारम्भ की थी। इसीलिए इस दिन को अनादिकाल से नववर्ष के रूप में जाना जाता है। मान्यता यह भी है कि इसी दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार लिया था। इसी दिन सतयुग का प्रारम्भ हुआ था। मान्यता है कि इसी दिन सम्राट विक्रमादित्य ने अपना राज्य स्थापित किया था। श्रीराम का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था। युधिष्ठिर का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था। नवरात्र भी इसी दिन से प्रारम्भ होते हैं। इसी तिथि को राजा विक्रमादित्य ने शकों पर विजय प्राप्त की थी। विजय को चिर स्थायी बनाने के लिए उन्होंने विक्रम सम्वत् का शुभारंभ किया था, तभी से विक्रम सम्वत् चली आ रही है। इसी दिन से महान गणितज्ञ भास्कराचार्य ने सूर्योदय से सूर्यास्त तक दिन, महीने और वर्ष की गणना करके पंचांग की रचना की थी। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का ऐतिहासिक महत्त्व भी है। स्वामी दयानंद सरस्वती ने इसी दिन आर्य समाज की स्थापना की थी। इस दिन महर्षि गौतम जयंती मनाई जाती है। इस दिन संघ संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार का जन्मदिवस भी मनाया जाता है।

सृष्टि की सर्वाधिक उत्कृष्ट काल गणना का श्रीगणेश भारतीय ऋषियों ने अति प्राचीन काल से ही कर दिया था। तदनुसार हमारे सौरमंडल की आयु लगभग चार अरब 32 करोड़ वर्ष हैं। आधुनिक विज्ञान भी कार्बन डेटिंग और हॉफ लाइफ पीरियड की सहायता से इसे लगभग चार अरब वर्ष पुराना मान रहा है। इतना ही नहीं, श्रीमद्भागवद पुराण, श्री मारकंडेय पुराण और ब्रह्म पुराण के अनुसार अभिशेत् बाराह कल्प चल रहा है और एक कल्प में एक हजार चतुरयुग होते हैं। जिस दिन सृष्टि का प्रारम्भ हुआ, वह आज ही का पवित्र दिन था। इसी कारण मदुराई के परम पावन शक्तिपीठ मीनाक्षी देवी के मंदिर में चैत्र पर्व मनाने की परंपरा बन गई।

भारतीय महीनों का नामकरण भी बड़ा रोचक है अर्थात जिस महीने की



पूर्णिमा जिस नक्षत्र में पड़ती है, उसी के नाम पर उस महीने का नामकरण किया गया है, उदाहरण के लिए इस महीने की पूर्णिमा चित्रा नक्षत्र में हैं, इसलिए इसे चैत्र महीने का नाम दिया गया। क्रांति वृत पर 12 महीने की सीमाएं तय करने के लिए आकाश में 30-30 अंश के 12 भाग किए गए और उनके नाम भी तारा मंडलों की आकृतियों के आधार पर रखे गए। इस प्रकार बारह राशियां बनीं।

चूंकि सूर्य क्रांति मंडल के ठीक केंद्र में नहीं हैं, अतः कोणों के निकट धरती सूर्य की प्रदक्षिणा 28 दिन में कर लेती है और जब अधिक भाग वाले पक्ष में 32 दिन लगते हैं। इसलिए प्रति तीन वर्ष में एक मास अधिक हो जाता है।

भारतीय काल गणना इतनी वैज्ञानिक व्यवस्था है कि शताब्दियों तक एक क्षण का भी अंतर नहीं पड़ता, जबकि पश्चिमी काल गणना में वर्ष के 365.2422 दिन को 30 और 31 के हिसाब से 12 महीनों में विभक्त करते हैं। इस प्रकार प्रत्येक चार वर्ष में फरवरी महीने को लीप ईयर घोषित कर देते हैं। तब भी नौ मिनट 11 सेकेंड का समय बच जाता है, तो प्रत्येक चार सौ वर्षों में भी एक दिन बढ़ाना पड़ता है, तब भी पूर्णाकन नहीं हो पाता। अभी कुछ वर्ष पूर्व ही पेरिस के अंतर्राष्ट्रीय परमाणु घड़ी को एक सेकेंड स्लो कर दिया गया। फिर भी 22 सेकेंड का समय अधिक चल रहा है। यह पेरिस की वही प्रयोगशाला है, जहां के सीजीएस सिस्टम से संसार भर के सारे मानक तय किए जाते हैं। रोमन कैलेंडर में तो पहले 10 ही महीने होते थे। किंगनुमापाजुलियस ने 355 दिनों का ही वर्ष माना था, जिसे जुलियस सीजर ने 365 दिन घोषित कर दिया और उसी के नाम पर एक महीना जुलाई बनाया गया। उसके एक सौ वर्ष पश्चात किंग अगस्ट्स के नाम पर एक और महीना अगस्ट अर्थात अगस्त भी बढ़ाया गया। चूंकि ये दोनों राजा थे, इसलिए इनके नाम वाले महीनों के दिन 31 ही रखे गए। आज के इस वैज्ञानिक युग में भी यह कितनी हास्यास्पद बात है कि लगातार दो महीने के दिनों की संख्या समान हैं, जबकि अन्य महीनों में ऐसा नहीं है। यही नहीं, जिसे हम अंग्रेजी कैलेंडर का नौवां महीना सितम्बर कहते हैं, दसवां महीना अक्टूबर कहते हैं, ग्यारहवां महीना नवम्बर और बारहवां महीना दिसम्बर हैं। इनके शब्दों के अर्थ भी लैटिन भाषा में 7,8,9 और 10 होते हैं। भाषा विज्ञानियों के अनुसार भारतीय काल गणना पूरे विश्व में व्याप्त थी और सचमुच सितम्बर का अर्थ सप्ताम्बर था, आकाश का सातवां भाग, उसी प्रकार अक्टूबर अष्टाम्बर, नवम्बर तो नवमअम्बर और दिसम्बर दशाम्बर है।

वर्ष 1608 में एक संवैधानिक परिवर्तन द्वारा एक जनवरी को नववर्ष घोषित किया गया। जेनदअवेस्ता के अनुसार धरती की आयु लगभग 12 हजार वर्ष है। चीनी कैलेंडर लगभग एक करोड़ वर्ष पुराना मानता है। चालडियन कैलेंडर धरती को लगभग दो करोड़ 15 लाख वर्ष पुराना मानता है। फीनीसयन इसे लगभग 30 हजार वर्ष की बताते हैं। सीसरो के अनुसार यह लगभग चार लाख 80 हजार वर्ष पुरानी है। सूर्य सिद्धांत और सिद्धांत शिरोमाणि आदि ग्रंथों में चैत्रशुक्ल प्रतिपदा रविवार का दिन ही सृष्टि का प्रथम दिन माना गया है। संस्कृत के होरा शब्द से ही, अंग्रेजी का आवर शब्द बना है। इस प्रकार यह सिद्ध हो रहा है कि वर्ष प्रतिपदा ही नववर्ष का प्रथम दिन है। एक जनवरी को नववर्ष मनाने वाले दोहरी भूल के शिकार होते हैं, क्योंकि भारत में जब 31 दिसम्बर की रात को 12 बजता है, तो ब्रिटेन में सायंकाल होता है, जो कि नववर्ष की पहली सुबह हो ही नहीं सकती।

## सिद्धांत गौण है, सत्ता प्रमुख

पिछले दिनों में राष्ट्रीय रंगमंच पर जिस प्रकार का राजनीतिक चरित्र उभरकर आ रहा है, वह एक गंभीर चिंता का विषय है। ऐसा लगता है, राजनीति का अर्थ देश में सुव्यवस्था बनाए रखना नहीं, अपनी सत्ता और कुर्सी बनाए रखना है। राजनीतिज्ञ का अर्थ उस नीति-निपुण व्यक्तित्व से नहीं है, जो हर कीमत पर राष्ट्र की प्रगति, विकास-विस्तार और समृद्धि को सर्वोपरी महत्व दे; किंतु उस विदूषक-विशारद व्यक्तित्व से है, जो राष्ट्र के विकास और समृद्धि को अवनति के गर्त में फेंककर भी अपनी कुर्सी को सर्वोपरि महत्व देता हो। राजनेता का अर्थ राष्ट्र को गति की दिशा में अग्रसर करने वाला नहीं, अपने दल को सत्ता की ओर अग्रसर करने वाला रह गया है। यही कारण है कि आज राष्ट्र गौण है, दल प्रमुख है। सिद्धांत गौण है, सत्ता प्रमुख है। चरित्र गौण है, कुर्सी प्रमुख है। एक राजनेता में राष्ट्रीय चरित्र, न्याय-सिद्धांत और नेतृत्व क्षमता के गुणों की आवश्यकता नहीं, किंतु आज कुशल राजनेता वही है, जो अपने दल के लिए राष्ट्र के साथ भी विश्वासघात कर सकता हो, अपनी कुर्सी के लिए अपने दल के साथ भी विश्वासघात करने का जिसमें साहस या दुस्साहस हो। बहुत बार मन में प्रश्न उभरता है, क्या राजनीति का अपना कोई चरित्र नहीं होता अथवा सत्ता प्राप्ति के लिए राष्ट्र, समाज, दल और व्यक्ति की विश्वासपूर्ण भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना ही राजनीति का चरित्र होता है? जनता की कोमल भावनाओं का शोषण करके सत्तासीन होने के बाद क्या राजनेता का व्यक्तित्व जनता और राष्ट्र से भी बड़ा हो जाता है? यदि ऐसा नहीं है तो आज की राजनीति क्यों अपने प्रिय पुत्रों, संबंधियों और चमचों-चाटुकारों के चप्रव्यूह में फंसकर रह गई है? राष्ट्र को स्थिर नेतृत्व प्रदान करने के नाम पर क्यों सिद्धांतहीन समझौते और स्तरहीन कलाबाजियां दिखाई जा रही हैं?

# मां दुर्गा के नौ अलौकिक रूप

**(नवरात्रि पर विशेष)**
**योगेश कुमार गोयल**

भारतीय समाज और विशेषकर हिन्दू समुदाय में नवरात्रि पर्व का विशेष महत्व है, जो आदि शक्ति दुर्गा की पूजा का पावन पर्व है। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्रि को नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि की शुरुआत होती है और इस बार नवरात्रि पर्व की शुरूआत 2 अप्रैल से हो रही है। प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त हैं और हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है। नवरात्र के पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके। मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात् तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया। मां दुर्गा का तीसरा



स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है।

चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुई अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्जवल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं। दुर्गा का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है। दुर्गा मां का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुई।

# नव वर्ष : अपनी जड़ों की ओर लौट रहा भारत

## सूडोकु नवताल- 6028

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6027 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

**डॉ. वन्दना सेन**

अंग्रेजी नव वर्ष के बढ़ते प्रभाव के बीच राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर भारतीय नागरिकों को सचेत करते हुए लिखते हैं कि ये नव वर्ष हमें स्वीकार नहीं, है अपना ये त्यौहार नहीं, है अपनी ये तो रीत नहीं, है अपना ये त्यौहार नहीं। इन पंक्तियों का आशय पूरी तरह से स्पष्ट था कि अंग्रेजी नव वर्ष हमारा अपना नहीं, बल्कि अंग्रेजों द्वारा भारतीयता को मिटाने के लिए भारत पर थोपा गया था। विसंगति यह है कि अंग्रेज जो भारत में छोड़कर गए थे, उसे हमने अपना मान लिया। उसके पीछे मूल कारण यही था कि हम अपनी भारतीय संस्कृति को विस्मृत कर चुके थे। अपने स्वत्व का बोध भी हमको नहीं रहा था। जब हम स्वत्व की बात करते हैं तो स्वाभाविक रूप से इसमें वह सब दिखाई देगा, जो मूल भारत की कल्पना था। अब पहला सवाल यह आता है कि अपना मूल भारत क्या था? क्या हमें इसका भान है? यकीनन नहीं, क्योंकि आज जो भारत दिख रहा है, उसे पहले मुगलों ने अपने हिसाब से बनाया और फिर अंग्रेजों ने भारतीय समाज को हमें अपनी संस्कृति से विमुख कर दिया। विचार कीजिए कि भारत का स्वत्व क्या है? अगर भारत का स्वत्व जानना है तो हमें मुगलों से पूर्व के भारत का अध्ययन करना होगा, वही वास्तविक भारत है। आज हम भले ही अंग्रेजी दिनचर्या का उपयोग करते हैं, लेकिन आज भी यह सत्य है कि अंग्रेजी दैनंदिनी का प्रयोग हम अपने त्यौहारों में कभी नहीं करते। क्योंकि हमारे सारे त्यौहार सांस्कृतिक और प्राकृतिक हैं। वे प्रकृति के हिसाब से



ही तय किए जाते हैं। इसीलिए प्रारंभ से ही भारत के समस्त त्यौहार दिशा बोध कराने वाले रहे हैं। वसंत के त्यौहार को ही ले लीजिए, इसमें प्राकृतिक बोध होता है। वसंत के पश्चात पतझड़ और फिर प्रकृति में नवीनता का उल्लास। यही उल्लास प्राकृतिक नव वर्ष का आभास कराता है। इसीलिए यही भारत का अपना नव वर्ष है, अंग्रेजों वाला नहीं।

भारतीय की संस्कृति में पुरातन काल से नव वर्ष का प्रारंभ चैत्र मास की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से ही माना जाता रहा है। इस तिथि को भारतीय संस्कृति में अति पावन दिन माना गया है। क्योंकि इसी प्रतिपदा दिन रविवार को सूर्योदय होने पर ब्रह्मा ने सृष्टि के निर्माण की शुरुआत की थी। इसलिए इसको सृष्टि का प्रथम दिवस भी कहते हैं। यह प्राकृतिक संयोग ही है कि अब भारत के नागरिक अपनी मूल की ओर लौट रहे हैं। जो लोग कल तक अपने नव वर्ष मनाने वाले समाज की हंसी उड़ाता था, वे स्वयं होकर नव वर्ष मनाने की ओर प्रवृत हो रहे हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि भारत अपने स्वत्व की ओर लौट रहा है। भारत के नागरिकों को यह आभास होने लगा है कि हमारा देश किसी भी मामले में दुनिया के देशों से पीछे नहीं रहा, बल्कि उसे षड्यंत्र पूर्वक पीछे कर दिया गया था। अब यह षड्यंत्र भी समझ में आने लगा है। इसलिए अब बहुत बड़ी संख्या में भारत का अपना नव वर्ष मनाने के लिए एकत्रित होने लगे हैं।

वर्तमान में जिस प्रकार से श्रद्धा केन्द्रों पर भीड़ बढ़ रही है, वह इस बात का प्रमाण है कि भारत का युवा जाग्रत हो रहा है। उसे सांस्कृतिक रूप से अपने पराए का बोध हो रहा है। समाज अपने विवेक से श्रेष्ठ और बुराई के बीच तुलनात्मक अध्ययन करने लगा है। समाज के व्यवहार में भी व्यापक परिवर्तन आया है। जो बुद्धिजीवी पहले हर बात की अपने हिसाब से व्याख्या करते थे, आज वे भी भारतीय संस्कृति के अनुसार चलते की ओर प्रवृत हुए हैं। इसलिए अब भारतीय समाज को भ्रमित करने के दिन बहुत दूर जा चुके हैं। आज विश्व के कई देशों के नागरिक अपनी भोगवादी विकृति को छोड़कर भारतीय संस्कृति की ओर उन्मुख हो रहे हैं। धार्मिक दृष्टि से आस्था के क्षेत्र के रूप में विद्यमान नगरों में यह दृश्य आम हो गए हैं। आज गंगा के घाट पर विदेशी नागरिक भजन करते हुए मिल जाते हैं तो ब्रज की गलियों में कृष्ण भक्ति में लीन अनेक विदेशी नागरिक भी दिखाई देते हैं। भारत की संस्कृति में इस बात की स्पष्ट कल्पना है कि भगवादी विकृति से मन विकृत हो जाता है।

# माननीयों का वेतन-भत्ता: पंजाब के मान सरकार की अनुकरणीय पहल

**राकेश कुमार वर्मा**

बीसवीं सदी की दो बड़ी खोज हैं - महात्मा गॉधी और एटम बम, जिनमें से सदी के आखिर में कोई एक ही जीतेगा। डॉ. राममनोहर लोहिया का यह कथन संसाधनों के असमान वितरण और रूस-यक्रेन युद्ध के संदर्भ में महसूस किया जा सकता है, जिसमें सम्राज्यवादी कुप्रवृत्ति का मोहरा बने आम नागरिक दम तोड़ते नजर आते हैं। 'तीन आना बनाम पन्द्रह आने' के उनके दावे को तत्कालीन योजना आयोग के उपाध्यक्ष महालनोबिस ने पुष्ट किया कि किस तरह आम आदमी रोजाना 3 आने (चवन्नी का चैथाई भाग) पर पारिवारिक भरण पोषण के लिए विवश है जबकि प्रधानमंत्री पर प्रतिदिन 25 हजार रुपये खर्च होते हैं। दुःखद है कि महामारी की दीर्घपीड़ा से कराहते जन से अनुदारपूर्ण वसूली सत्ता संवरण में व्यय किया जाता रहा है।

दुनिया का शायद ही कोई ऐसा देश होगा जहां जनप्रतिनिधि अपने वेतन, भत्ते, पेंशन व सुविधाओं का स्वयं निर्णय लेते हैं। यह सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ भारत में भी संभव है। इस संबंध में आयोग गठन की सलाह न केवल उपेक्षित रही बल्कि वर्ष 1954 से अब तक पेंशन अधिनियम में मनमाना संशोधन कर देशसेवा के इस मिशन को अप्रत्याशित लाभ में परिवर्तित कर लिया गया।

आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते मध्यप्रदेश में 1.70 लाख रुपये प्रतिमाह लेने वाले मंत्रियों का आयकर राज्य सरकार ने वहन करने का निर्णय लिया है। इससे 43 करोड़ रुपये मंत्रियों के इनकम टैक्स के भुगतान पर खर्च होगा। महामारी काल की पूर्णबंदी से रुके पहियों के बावजूद विधायकों के भत्तो पर साढ़े चार गुना से अधिक भुगतान किया गया। प्राप्त आंकड़ो के अनुसार गत 5 वर्षों में राज्य के विधायको के वेतन पर 35.03 करोड़ रुपये खर्च हुए जबकि विविध भत्तों पर 121 करोड़ रुपये व्यय किये गये जिसमें अकेल यात्रा भत्ता पर 38.03 करोड़ रुपये खर्च हुए। चुनाव जीतकर एक दिन के लिए सदन पहुंचने वाले नेता भले ही फिर कभी चुनाव न लड़ें लेकिन वे आजीवन पेंशन और सुविधायें प्राप्त करने के हकदार हैं। यदि वह कई बार चुनाव जीत चुका है तो तदानुसार उसकी पेंशन प्रति कार्यकाल के हिसाब से बढ़ती है, इस तरह वह पांच लाख रुपये प्रतिमाह से अधिक पेंशन पाने का अधिकारी हो जाता है। इसके अलावा चुनाव जीतते ही माननीयों की संपत्ति अचानक कई गुना बढ़ी दर्ज होती है।

# आपसी समझौते से सिहोंनिया गांव का दो वर्ष पुराना विवाद हुआ समाप्त

**मुरैना।** अम्बाह विकासखण्ड के ग्राम सिहोंनिया में सर्वे नंबर 1539, रकबा 0.42 में प्लॉट पर कब्जे को लेकर दो पक्षों भागीरथ सिंह, नारायण सिंह, हरवीर सिंह पुत्र सोवरन सिंह जाति ठाकुर और अनुरूद्ध सिंह पुत्र श्याम सिंह, गोपाल सिंह पुत्र सगुन सिंह, गोखलेश सिंह पुत्र सगुन सिंह जाति ठाकुर निवासी सिहोनियां का पिछले 2 वर्ष से दिशा को लेकर विवाद चल रहा था। यह विवाद व्यवहार न्यायाल्य तृतीय वर्ग अम्बाह में प्रकरण प्रचल्ति था। प्रकरण में न्यायाल्य से स्थगन आदेश दिया गया था। चल रहे विवाद को बीट समाधान केन्द्र सिहोंनिया के पटवारी रविप्रताप सिंह तोमर ने दोंनो पक्षों को बैठकर समझाईश देकर समझौता कराया। समझौता के बाद पटवारी ने 10 रूपये के स्टाम्प पेपर पर पंचनामा तैयार किया, जिसके बाद दोनों पक्षों द्वारा आपसी सहमति से न्यायाल्य में समझौता प्रस्तुत किया है।



विवाद का उल्लेख करते हुये नायब तहसील्दार ने बताया कि ग्राम सिहोंनियां की भूमि 1539 में सगुन सिंह पुत्र प्रताप सिंह के द्वारा 6 सितम्बर 1989 में 720 वर्गफुट भूमि भागीरथ सिंह पुत्र सोवरन सिंह बगैरह को विक्रय की गई थी। भागीरथ सिंह बगैरह के द्वारा कुछ भूमि पर निर्माण करने के बाद उपयोग करने के बाद खाली रखी गई थी। वर्ष 2020 में गोपाल सिंह, गोखलेश सिंह पुत्र सगुन सिंह द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि 1539 में से 2250 वर्ग फुट भूमि 14 जुलाई 2020 को अनुरूद्ध सिंह पुत्र श्याम सिंह को बिक्री की गई। विक्रय पत्र में विक्रय भूखंड की दिशा और वर्ष 1989 में विक्रय भूखंड की दिशा को लेकर विवाद हो गया था, जिसका निराकरण 2020 से लंबित था। बीट समाधान सिहोंनियां पर दोंनो पक्षों को बुलाकर प्रकरण का निराकरण किया गया। बीट समाधान केन्द्रों से लगातार समझौते से समाधान की ओर का सिलसिला जारी है। हाल ही में ग्वालियर-चंबल संभाग के कमिश्नर आशीष सक्सेना के भ्रमण के दौरान निराकृत हुये इस प्रकरण पर प्रशंसा जाहिर करते हुये कहा कि इन समाधान केन्द्रों को और अधिक प्रभावी बनाते हुये अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण करने का सिलसिला जारी रहे।

## जन समस्या निवारण शिविर में हितग्राहियों ने दिए आवेदन अफसरों ने किया समाधान

**अम्बाह।** शुक्रवार को ग्राम पंचायत जल का नगरा में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ रामसिंह तोमर अध्यक्ष जनपद पंचायत अम्बाह एवं राजीव समाधिया एस डी एम अम्बाह ने किया। उक्त शिविर में ग्रामीण जनों ने अपनी विभिन्न समस्याओं के आवेदन निराकरण हेतु जमा किए जिसमें कुल 67 आवेदन प्राप्त हुए। यह आवेदन व्यक्तिगत शोचालय ,पेंशन, बीपीएल, पीएम आवास, कर्मकार कार्ड बनवाने के लिए जमा किये जिसमें से लगभग एक दर्जन आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया है तथा कुछ जांच करने के बाद सात दिवस में निराकरण करने के लिए सम्बंधित योजनाओं के प्रभारियों को दिए गए। इसके साथ ही कुछ हितग्राहियों को शोचालय के स्वीकृति आदेश भी प्रदान किये गए। इस शिविर में खंड पंचायत अधिकारी रमेश सिंह कुशवाह, रघुबीर सिंह करोरिया, ब्लॉक समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन चेतन गुप्ता, समग्र अधिकारी सहायक लेखा अधिकारी प्रकाश शर्मा, महीपति सिंह पीसीओ, रामदीन दादोरिया, सुरेंद्र सिंह सैनी एवं कुलदीप सिंह तोमर सहित अन्य समस्त शाखा प्रभारी ग्राम रोजगार सहायक सुरेंद्र सिंह, दिनेश प्रजापति, रामनरेंद्र सिंह, महाबीर प्रसाद शर्मा उपस्थिति रहे।



## पुलिस ने रैली निकालकर लोगों को किया यातायात के प्रति जागरूक

**मुरैना।** प्रदेश मुख्यालय के आदेश पर जिले के समस्त जिलों के साथ मुरैना मुख्यालय पर भी अतिरिक्त पुलिस कप्तान की उपस्थिति में यातायात जागरूकता रैली शहर के विभिन्न मार्गों से निकाली गई और लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने की जानकारी दी गई तथा वाहन का संचालन नियम व तरीके से किए जाने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में शुक्रवार की सुबह यातायात जागरुकता दिवस मनाया गया व रैली निकाली गई। इस जागरूकता रैली के माध्यम से आम-जनमानस, व्यापारीगण, ई-रिक्शा चालक व ठेले वालों को पेम्पलेट व पोस्टर वितरण कर यातायात नियमों की जानकारी दी गई व सभी से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। यातायात जागरुकता रैली में थाना प्रभारी स्टेशन रोड जितेंद्र नगायच, थाना प्रभारी कोतवाली योगेंद्र सिंह, थाना प्रभारी सिविल लाइन प्रवीण चौहान, थाना प्रभारी अजाक, महिला थाना प्रभारी व थाना यातायात का बल उपस्थित रहा।



## महंगाई के विरोध में कांग्रेस का जंगी धरना प्रदर्शन आज

**मुरैना।** केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण देश एवं प्रदेश में रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल के अलावा खाद्य सामग्रियों पर बढ़ती महंगाई को लेकर शहर जिला कांग्रेश मुरैना द्वारा जंगी धरना प्रदर्शन का आयोजन आज 2 अप्रैल शनिवार को पीडब्ल्यूडी कार्यालय पर आयोजित किया गया है जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं ग्वालियर चंबल संभाग प्रभारी सुधांशु त्रिपाठी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। शहर जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि एक सप्ताह से दिन प्रतिदिन रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल के दामों में केंद्र सरकार द्वारा वृद्धि की जा रही है। रसोई गैस के दाम 1050 पेट्रोल 115 एवं डीजल 107 के पार हो चुका है, जिसका प्रभाव रोजमर्रा से जुड़ी वस्तुओं की कीमतों पर पड़ रहा है। पहले से ही देश व प्रदेश की जनता महंगाई का दंश झेल रही है और फिर से महंगाई बढ़ने के कारण आम जनता का घर चलाना मुश्किल हो गया है। लोग महंगाई से त्राहि-त्राहि कर रहे हैं, लेकिन केंद्र एवं प्रदेश की सरकारें जनता की कोई सुनवाई नहीं कर रही है।

# स्टार्स प्रोजेक्ट के अंतर्गत फेस टू फेस दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**कैलारस।** जनपद शिक्षा केंद्र कैलारस में 31 मार्च से 1 अप्रैल 2022 तक समय प्रातः 10 बजे से स्टार्स प्रोजेक्ट के अंतर्गत बी ईओ, बी आरसीसी, बीएसी, सीएसी का दो दिवसीय प्रशिक्षण जनपद शिक्षा केंद्र सभागार में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस को संबोधित करते हुए एमटी नवीन प्रताप सिंह जादौन ने स्वागत तथा प्रशिक्षण की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस दौरान क्या तुम मेरे दोस्त बनोगे गतिविधि कराई एवं ऑनलाइन कोर्स की चुनौतियों पर प्रकाश डाला, साथ ही खेलघर की बकरी तथा आंकड़ों या डाटा पर काम, समेकन आदि अन्य अनेक बिंदुओं पर प्रशिक्षणार्थियों से विस्तार पूर्वक चर्चा की। यह प्रशिक्षण शिविर एमटी नवीन प्रताप सिंह जादौन एवं रमाकांत शर्मा एवं फखरुद्दीन खान के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए एमटी फखरुद्दीन खान ने प्रशिक्षणार्थियों से शिक्षण सामग्री यानी टी एल एम. का निर्माण व उपयोग तथा फीडबैक का तरीका पर विस्तृत चर्चा की तथा दूसरे दिवस के प्रशिक्षण में गणित शिक्षण, कहानी पर काम, कविता पर काम किया गया व प्रशिक्षणार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया और उनका फीडबैक लिया गया तथा उनके सुझावों पर प्रशिक्षण में विस्तृत चर्चा की गई। पढ़ाने के नए-नए तरीके बताए गए तथा शिक्षकों द्वारा भी कई सुझाव दिए गए। इस प्रकार यूनिसेफ का स्टार्स प्रोजेक्ट के अंतर्गत फेस टू फेस प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षणार्थियों में प्रमुख रूप से बीईओ, बीआरसीसी, बीएसी, समस्त सीएसी विशेष रूप से उपस्थित रहे तथा सभी प्रशिक्षणार्थियों ने इस प्रशिक्षण को अच्छे तरीके से समझा सराहा एवं कक्षाओं तक पहुंचाने का इसका संकल्प लिया गया और एक बेहतर शिक्षण में इसकी अहम भूमिका बताई।




## ताइक्वांडो में गुरु और शिष्य को मिलेगा राष्ट्रीय अवार्ड



**मुरैना।** एसके मार्शल आर्ट फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मिस्टर सतीश कुमार राणा व मैनेजमेंट द्वारा चयनित भारत के टेक्निकल मास्टर व अच्छे खिलाड़ियों को संपूर्ण मध्यप्रदेश में मुरैना से चयनित किया गया है। बड़े हर्ष के साथ सेलिब्रिटी चीफ गेस्ट अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी डब्ल्यूडब्ल्यूई द ग्रेट खली द्वारा रविवार 3 अप्रैल 2022 को सुबह 10 बजे से द मिरेज डॉक्टर मंगलसेन ऑडिटोरियम करनाल हरियाणा में अपने शुभ हाथों से ग्रैंड मास्टर मनोज शिवहरे इंटरनेशनल मास्टर फाइटर फोर्थ डिग्री ब्लैक बेल्ट ताइक्कांडो के चैंपियन व उनकी छात्रा ताइकांडो इंटरनेशनल चैंपियन व कॉमनवेल्थ खिलाड़ी मुरैना की बेटी सोनाली वर्मा को संपूर्ण मध्यप्रदेश से नेशनल डायमंड अवार्ड 2022 के लिए चयन किया गया है। इस अवार्ड मैं शामिल गुरु व शिष्य को एक साथ वर्ल्ड के टॉप खिलाड़ी डब्ल्यूडब्ल्यूई के द ग्रेट खली अवार्ड से सम्मानित करेंगे।






## नगर निगम का स्वच्छता अभियान बना मजाक, शहर में लगे हैं कचरे के ढेर

### सीवर लाइन के बावजूद भी नालियां हो रही ओवरफ्लो

**मुरैना।** इस समय प्रदेश की सभी नगर निगम एवं नगर पालिका मैं स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में अब्बल बनने की होड़ लगी हुई है और यह मात्र कागजों एवं दीवारों पर ही दिखाई दे रही है, जब कि धरातल पर स्थितियां विपरीत है। अब मुरैना मुख्यालय को ही ले लीजिए, यहां के प्रमुख मार्गों बाजारों सहित अनेकों वार्डों में कचरे के ढेर लगे हुए हैं, तो वहीं दूसरी ओर सीवर लाइन का काम होने के बावजूद गली मोहल्लों में नालियां ओवरफ्लो होकर लोगों को मुंह चिढा रही है। मुरैना नगर निगम सहित नगर पालिका एवं नगर परिषद द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में अपने शहर व नगर को प्रथम स्थान दिलाने के लिए होड़ मची हुई है, जो केवल कागजों दीवार लेखन पर ही दिखाई दे रही है, जबकि हकीकत में शहर व नगर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं एवं नालियां जाम पड़ी हुई है। यही नहीं नालियां जाम होने के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। शहर के प्रमुख हनुमान चौराहे के आसपास के बाजारों में कूड़े करकट के ढेर लगे होने से आम जनता में इस बात की चर्चा है कि यह कैसा स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान चल रहा है, पूरा शहर गंदगी व कचरे के ढेर से सराबोर है और अधिकारी कागजों में ही झूठी वाहवाही लूट रहे हैं। सीवर लाइन का काम भी अभी पूर्ण नहीं हो पाया है तथा अनेक इलाकों में सड़कों की हालत दयनीय है। इसके अलावा घरों से निकलने वाला गंदा पानी नालियों में जमा हो रहा है जिसका निकास नहीं हो पा रहा, क्योंकि लोगों ने जगह-जगह से नालियों को बंद कर रखा है और पानी जमा होकर बदबू एवं मच्छर बढ़ा रहा है ।



## महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, बलात्कार के विरोध में साइकिल यात्रा, पहुंचेंगे राष्ट्रपति भवन

**मुरैना।** देशभर में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार बलात्कार पर अंकुश लगाने के लिए तेलंगाना का एक युवक साइकिल यात्रा पर निकला है और यह युवक शुक्रवार को मुरैना पहुंचा। यहां बैरियर चौराहा रेस्ट हाउस पर समाजसेवियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। साइकिल यात्रा पर निकले ऋषिकेश राजू का कहना है कि वह दिल्ली पहुंचकर राष्ट्रपति भवन में जाएंगे और ज्ञापन देंगे। देश में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, बलात्कार के विरोध में तेलंगाना मिरयालागुड़ा से राष्ट्रपति भवन दिल्ली तक संकल्प यात्रा पर निकला 35 वर्षीय युवक ऋषिकेश राजू मुरैना पहुंचा। मुरैना रेस्ट हाउस पर उनका स्वागत सत्कार किया गया तथा उनसे बातचीत की गई। ऋषिकेश राजू ने बताया कि देश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों का सिलसिला जारी है। राष्ट्रीय अपराध सांख्यिकी ब्यूरो की रिपोर्ट है कि देश भर में प्रतिदिन औसतन 77 बलात्कार के मामले दर्ज किए जा रहे हैं, जिनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही। 2012 की कुख्यात घटना के बाद बलात्कारियों के लिए अधिकतम मौत की सजा का प्रावधान करने के लिए कानून में संशोधन किया जाना चाहिए था। अपराधियों को दंडित करने के लिए कानून बने हैं, लेकिन सारे कानून लचर बने हुए हैं। यदि ऐसी ही स्थिति रही तो अपराधी निरंकुश हो जाएंगे और महिलाओं पर अत्याचार पहले भी होते थे अब भी हो रहे हैं और आगे भी अपराधी महिलाओं पर अत्याचार करते रहेंगे। इन सारे अपराधिक मामलों के खिलाफ ऋषिकेश राजू तेलंगाना से राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली तक साइकिल यात्रा पर निकले हैं, उनका जगह-जगह स्वागत सत्कार किया जा रहा है। इन सभी अपराधिक मामलों के खिलाफ 8 मार्च 2022 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ऋषिकेश राजू तेलंगाना से साइकिल लेकर दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं।



# भविष्य में जल संकट से बचने के लिए जल संरक्षण जरूरी है: कोलारस विधायक

## जलाभिषेक अभियान निवोदा गांव में तालाब जीर्णोद्धार कार्य का हुआ शुभारंभ

**अनिल कुशवाह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी-** अभी जलाभिषेक अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत तालाबों का जीर्णोद्धार का काम शुरू किया गया है। कोलारस की ग्राम पंचायत निवोदा में कोलारस विधायक वीरेंद्र रघुवंशी के मुख्य आतिथ्य में तालाब जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष चीमा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।




कोलारस विधायक वीरेंद्र रघुवंशी ने जल संरक्षण पर चर्चा करते हुए कहा कि वृक्षारोपण और जल संरक्षण में शुरू से ही मेरी रुचि रही है। यदि हम देखें तो कुछ वर्षों पूर्व पानी की इतनी समस्या नहीं थी लेकिन अब धीरे-धीरे जल स्तर नीचे जा रहा है। तालाब सूख रहे हैं। आगे भविष्य में हमें गंभीर परिस्थितियों का सामना ना करना पड़े इसके लिए जल संरक्षण और भू-जल संवर्धन बहुत जरूरी है। इसके लिए जलाभिषेक अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत तालाबों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। सभी नागरिक जागरूक रहें और जहां कहीं तालाब निर्मित किए जा सकते हैं उसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराएं। उन्होंने सिंध नदी और कूनो नदी पर बनने वाले डैम के संबंध में जानकारी दी कि शिवपुरी में जल की समस्या को दूर करने के लिए उनके द्वारा लगातार प्रयास जारी हैं। कार्यक्रम में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने भी ग्रामीणों से कहा कि यदि हमें भविष्य में जल संकट का सामना करने से बचना है तो अभी से जल संरक्षण की दिशा में काम करना होगा।

### बालिकाओं और महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

शुभारंभ कार्यक्रम में कन्या पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बालिकाओं और महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। अधिकारियों ने भी श्रमदान किया और तालाब जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक वीरेंद्र रघुवंशी, कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक और अन्य जनप्रतिनिधियों ने वृक्षारोपण किया।

### प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने का अभियान जारी है। शिवपुरी जिले में भी लगभग 800 गांव को इस अभियान से जोड़ा जाएगा। जल जीवन मिशन के प्रचार प्रसार के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ गांव गांव जाकर जल जीवन मिशन के बारे में और इसके संचालन के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देगा।

# ठाकुरपुरा में शराब की दुकान का विरोध प्रदर्शन, जमकर की नारेबाजी, रोड़ जाम कर किया धरना प्रदर्शन

## डेढ़ घंटे तक चला प्रदर्शन महिलाएं आई सड़कों पर

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 39 के ठकुरपुरा क्षेत्र में 1 अप्रैल से खुलने वाली नई शराब की दुकान के विरोध में पुरुष सहित महिलाओं ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान ठकुरपुरा के मुख्य मार्ग पर प्रदर्शनकारियों ने पाइप डाल कर जाम कर दिया। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना था कि शराब ठेकेदार द्वारा स्कूल के पास शराब की दुकान खोली गई है। स्कूल से शराब की दुकान की दूरी महज 49 मीटर है। इसके साथ ही जहां शराब की दुकान है वहां एक मात्र ऑटो स्टैंड है जहां से शहर में जाने लिए महिला-बेटी और बहु ऑटो स्टैंड से ऑटो में बैठती हैं। उनके साथ शराबी छेड़ छाड़ करेंगे इसके साथ ही उनके बच्चे जिस शासकीय स्कूल में पढ़ने आते हैं स्कूल से शराब की दुकान महज 49 मीटर की दूरी पर है। जिससे उनके बच्चों पर गलत असर पड़ेगा।




### कलेक्टर सहित आबकारी के पास लगा चुके हैं अर्जी

प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने बताया कि उक्त शराब की दुकान खोले जाने की सूचना से बंद कराने का निवेदन उनके द्वारा पहले ही कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह सहित जिला आबकारी अधिकारी वीरेंद्र धाकड़ से किया जा चुका था। इसके बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई और आज 1 अप्रैल से शराब की दुकान खोल दी गई। विरोध प्रदर्शन को देख आबकारी ने कराई शराब की दुकान बंद बढ़ते हंगामे को देख आबकारी अमले ने शराब की दुकान को बंद करा दिया। आबकारी विभाग के उप निरीक्षक विनीत शर्मा का कहना है क्षेत्रवासियों की शिकायत पर मौके का मुआयना किया। क्षेत्र की महिलाओं ने समस्या को बताया। समस्या को समझते हुए दुकान को फिलहाल बंद कर दिया। दुकान को अन्य स्थान पर स्थान्तरित कराने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर आबकारी अमले द्वारा मौके पर ही शराब की दुकान को बंद करा दिया गया। मौके पर लिए गए फैसले से जनता में खुशी देखी। वहीं, मौजूद प्रदर्शन कर रही जनता ने कलेक्टर, एसपी सहित जिला आबकारी अधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित कर प्रदर्शन को खत्म किया गया।




# 2 साल के बाद सजा माता का दरबार लगेगा भक्तों का जमावडा




**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित राजेश्वरी मंदिर से है जहां 2 सालों के बाद माता रानी के दरबार को एक बार फिर आम लोगों भक्त गणों के लिए सजाया गया है जिसमें भक्तगण माता रानी के दरबार मैं आकर माता का आशीर्वाद प्रदान करेंगे लगभग 2 वर्ष बाद इस बार माता रानी के दरबार को सुसज्जित कर सजाया गया है पिछले 2 सालों से कोरोना होने के कारण माता रानी के दरबार मैं भक्त गणों के आने पर पूर्ण तरह पूर्णता से प्रतिबंध था मगर इस बार कोरोना काल खत्म होने के बाद माता रानी के दरबार को भक्त गणों के लिए सजा दिया गया है 2 अप्रैल शुरू होने वाले माता के नवरात्रो में भक्त गणों का आना जाना लगातार माता रानी के दरबार में बना रहेगा भक्तगण अपनी अपनी मनोकामना को पूर्ण करने के लिए माता के दरबार में अपनी उपस्थिति देंगे नवरात्रों में भक्ति गानों को मेले का आनंद लेने के लिए राजी माता मंदिर दरबार में सजी झांकियां और बाहर सभी दुकाने और मेले का आनंद लेंगे काफी समय के बाद लोगों को माता के दरबार में आने का मौका मिलेगा और मेले का आनंद लेने का मौका भक्तजनों को मिलेगा

## वोटर कार्ड स्पीड पोस्ट से अब घर आएगा, रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर मिलेगा मैसेज

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** अब वोटर कार्ड के लिये आवेदन करने के बाद कलेक्ट्रेट और तहसील दफ्तरों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि अब एक अप्रैल से घर बैठे स्पीड पोस्ट के जरिये कार्ड पहुंचाया जायेगा। पहले वोटर आईडी कार्ड पहुंचाने की जिम्मेदारी बीएलओ की हुआ करती थी, लेकिन इस बार चुनाव आयोग ने डाक विभाग को यह जिम्मेदारी दी है। प्रदेश के सभी जिलों में एक अप्रैल के बाद स्पीड पोस्ट के जरिये कार्ड पहुंचाये जायेंगे। इसके लिये वोटर्स को कोई फीस नहीं देना होगा। भारत निर्वाचन आयोग इसका खर्च उठायेगा। पोस्ट ऑफिस का डाकिया ये कार्ड पहुंचाने का काम करेगा। सिर्फ अब ऑनलाइन या फिर ऑफलाइन वोटर आईडी बनवाने के लिये आवेदन करना होगा।

# मुरली मनोहर समिति की ओर से लगाया जा रहा लगातार 6 सालों से शीतल जल पियाऊ

**अनिल कुशवाह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सदर बाजार मैं मुरली मनोहर मंदिर से है जहां मुरली मनोहर सेवा समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शीतल जल प्याऊ का उद्घाटन आज समिति सदस्यों द्वारा किया गया समिति का संचालन बॉबी अग्रवाल अमरीश अग्रवाल निकिल गोयल द्वारा किया जाता हैं संचालन करने वाले सदस्य निखिल गोयल ने बताया की मुरली मनोहर समिति द्वारा हर वर्ष की तरह जल प्याऊ लगाया जाता है जिससे सदर बाजार और टेकरी बाजार में आने वाले राहगीर और खरीदारों के लिए शीतल जल की व्यवस्था हमारे द्वारा की जाती है इस प्यार को पूरी समिति सेवा भाव के रूप में करती है और इससे इस भरी भीषण गर्मी में लोगों को शीतल जल मिले हम सब समिति का उद्देश्य यही रहता है लोगों को गर्मी के इस मौसम में शीतल जल मिल जाता है तो वह अपनी अंतरात्मा से हमें आशीर्वाद देते हैं और उनका आशीर्वाद पाकर हमें अत्यंत खुशी और सेवा भाव का आनंद प्राप्त होता है इस बार लगातार छठवीं साल से हम शीतल जल प्याऊ को निरंतर चला रहे हैं और हम इसे आगे भी इसी प्रकार से बढ़ाएंगे और लोगों को अच्छा और ठंडा जल उपलब्ध हो इसके लिए हमारी समिति के सदस्य दिन-रात इस पर नजर रखकर कार्य करते हैं जिससे किसी भी व्यक्ति को शीतल जल से निराशा ना मिले सबके लिए शीतल जल मिले यही हम कामना करते हैं।




# पूर्व सिविल सर्जन डॉ. पी. के. खरे द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई

## जिला अस्पताल में स्वच्छता पखवाडा आयोजित

**अनिल कुशवाह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी-**शिवपुरी जिला चिकित्सालय शिवपुरी में 01 अप्रैल से 15 अप्रैल तक ÷स्वच्छता पखवाडा मनाया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़े के दौरान पूर्व सिविल सर्जन डॉ. पी. के. खरे द्वारा आज दिनांक 01अप्रैल को क्रॉफेस हॉल में अपने अधीनस्थ डॉ. संतोष पाठक, लिंक अधिकारी सिविल सर्जन, जिला चिकित्सालय शिवपुरी, डॉ. दिनेश अग्रवाल, डॉ. अर्पित बंसल, डॉ. सुधीर सिंह, डॉ सुनील गौतम एवं वार्ड प्रभारी नर्सिंग ऑफीसर / सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई एवं स्वच्छता संदेश का वाचन भी दिया गया। इस अवसर पर अस्पताल के सभी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने शपथ ली कि वे न तो गंदगी करेगें, न किसी और को करने देंगे। उपस्थित स्टाफ ने यह भी शपथ ली कि सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से मेरे मोहल्ले से मेरे नगर से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरूआत करूंगा तथा आज जो शपथ ले रहा है, वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी करवाऊंगा वे भी मेरी तरह स्वच्छता के लिये 100 घंटे दे. इसके लिये प्रयास करूंगा। इस संबंध में स्वच्छता पखवाडा अर्न्तगत स्वच्छता गतिविधियाँ निरन्तर रूप से संचालित रहेगी। स्वच्छता पखवाड़ा का आरंभ जिला ब्लॉक प्रत्येक संस्था स्तर पर प्रातः 11 बजे संस्था के समस्त स्टॉफ मरीजों/ हिल्बाहियाँ परिजनों द्वारा स्वच्छता शपथ ग्रहण जिसमें 1. स्थानीय ह्लह्ल स्वंयसेवी संस्था के प्रतिनिधी, स्थानीय नेता, विधायक आदि को सम्मिलित किया जाए एवं शपथ उपरांत संस्था परिसर एवं उसके आस-पास सफाई हेतु श्रमदान किया जाए।





### सामुदायिक स्तर पर गतिविधियों की कार्ययोजना

जिला स्तरीय टीम द्वारा ब्लॉक सम्यूनिटी मोबिलाइजर एवं आशा सहायिकाओं मे साथ प्रत्येक ग्राम पंचायत शहरी स्थानीय निकाय क्षेत्र में स्वच्छता गतिविधियों हेतु आशाओं के लिए कार्ययोजना बनायेंगे जिसमें स्वच्छता संबंधी गतिविधियाँ हेतुआओं के साथ Village Health Sanitation And Nutrition Natation Committer और महिला आरोग्य समितियाँ ङ्गस्ञ्ज का भी सहयोग लिया जाएगा। आशाओं और ङ्क॥स्ह्रष्ट एवं ङ्गस्ञ्ज के सदस्यों की जन समुदाय के साथ स्वच्छता आयोजित संबंधी बैठक आयोजित की जाए स्वच्छता गतिविधियों की आवश्यकता वाले सामान्य क्षेत्रों की पहचान करना। समुदाय में से स्वयं सेवकों की पहचान करना जो स्वच्छता गतिविधियों में सहयोग प्रदान करें।

# प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना और मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना को मिलाकर 10 किलो अनाज प्रति माह प्रति व्यक्ति दिया जाएगा

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गरीब कल्याण योजना 6 माह और जारी रहेगी। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना और मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना को मिलाकर 10 किलो अनाज प्रति माह प्रति व्यक्ति दिया जाएगा। इस योजना को व्यवस्थित रूप से क्रियान्वित करने के लिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि एक सेल्समेन के पास एक दुकान की जिम्मेदारी रहे। उपभोक्ता संघों का भी परीक्षण किया जाएगा। एक सेल्समेन के पास एक दुकान रहेगी तो इन दुकानों को बहुउद्देशीय भी बनाया जा सकेगा। इन दुकानों पर कॉमेंट सर्विस सेंटर, बिजनेस कॉरस्पॉडेंट के साथ बिजली बिल जमा कराने की सुविधा भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 7 अप्रैल को फिर से अन्न उत्सव मनाया जाएगा, प्रत्येक राशन दुकान पर यह कार्यक्रम होगा।

### सीएम राइज स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सीएम राइज स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति का सूचक है। सीएम राइज स्कूल के प्रत्येक भवन निर्माण पर 24 करोड़ की लागत आएगी। भवन में लाइब्रेरी, लेब, स्मार्ट क्लास और खेल मैदान की व्यवस्था होगी। इन भवनों के निर्माण में अभी समय लगेगा। अभी जहाँ-जहाँ भवन उपलब्ध हैं, ऐसे 350 विद्यालयों में सीएम राइज स्कूल की परिकल्पना के आधार पर 13 जून से शिक्षण कार्य आरंभ किया जाएगा। सीएम राइज स्कूल में शिक्षकों के सतत प्रशिक्षण और उनके परफार्मेंस ऑडिट की व्यवस्था होगी।

### संजीवनी क्लीनिक आरंभ किया जाएगा

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि शहरों में 25 हजार की आबादी पर एक मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक आरंभ किया जाएगा। यहाँ सामान्य बीमारियों के इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे बड़े अस्पतालों पर भीड़ कम हो सकेगी। इन केंद्रों को 22 अप्रैल से आरंभ किया जाएगा। एक वर्ष में प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में यह क्लीनिक आरंभ कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों से जुड़े अस्पतालों को सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के रूप में विकसित किया जाएगा। कोविड कॉल में जिला अस्पतालों में ऑक्सीजन पाइप लाइन स्थापित करने सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ स्थापित की गई हैं। इन व्यवस्थाओं का उपयोग करते हुए अस्पतालों में अधिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मई माह में प्रत्येक जिले में दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे।


मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में पशुओं के इलाज के लिए वेटनरी टेलीमेडिसिन की व्यवस्था की जाएगी। इसी प्रकार फसलों की बीमारी के संबंध में भी कृषि विज्ञान केंद्र से टेलीफोन द्वारा सलाह देने की व्यवस्था स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि देश में पहली बार प्रदेश में कक्षा आठवीं से आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की पढ़ाई आरंभ की जाएगी।उन्होंने कहा कि पानी को सहेजने के लिए 11 अप्रैल से प्रदेश में जल अभिषेक अभियान आरंभ किया जाएगा।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य परिवहन निगम बंद होने के बाद ग्रामीण परिवहन में बहुत कठिनाइयाँ आ रही हैं। अगले महीने राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण परिवहन की नीति लाई जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में 1 जून से साइबर तहसील की स्थापना होगी। सहकारिता के माध्यम से रोजगार देने के लिए परिवहन, उद्योग, सेवा क्षेत्र में महासंघ गठित कर रोजगार सृजन किए जाएंगे। देश में पहली एकीकृत नवकरणीय ऊर्जा नीति अर्थात जल, वायु और पवन से विद्युत उत्पादन की नीति बनाई जा रही है। इस प्रकार उत्पादित ग्रीन एनर्जी के स्टोरेज की व्यवस्था भी की जा रही है। प्रदेश में इंटरनेशनल वाइल्ड लाइफ कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। साथ ही युवाओं को देश की सीमाओं पर ले जाकर देश-भक्ति की भावना जागृत करने के लिए ÷माँ तुझे प्रणाम÷ योजना पुनः आरंभ की जाएगी।

# छकड़ा (गुना-बीना) पैसेंजर ट्रेन शीघ्र प्रारम्भ हो: सांसद डॉ.के.पी.यादव

## लोकसभा के शून्यकाल में उठाया मुद्दा

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** गुना-शिवपुरी-अशोकनगर के सांसद डॉक्टर के पी यादव ने गुना अशोकनगर,मुंगावली के नागरिकों की समस्या को देखते हुए लोकसभा के शून्यकाल में गुना-बीना पैसेंजर ट्रेन चालू करने का मुद्दा उठाया। सांसद डॉक्टर के पी यादव ने शून्यकाल में बोलते हुए कहा कि गुना से बीना के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों को कोरोना काल के कारण बंद करना पड़ा,इन ट्रेनों के बंद होने से गांव में स्कूल,कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थी,गरीब मजदूर,किसान छोटे एवं बड़े व्यापारी और नौकरी करने वाले कर्मचारियों को यात्रा में असुविधा हो रही है। इन ट्रेनों को गुना संसदीय क्षेत्र की लाइफ लाइन कहा जाता है क्योंकि भारी मात्रा में इससे यात्री सफर करते हैं और इसकी शुरुआत तत्कालीन रेल मंत्री स्वर्गीय माधवराव सिंधिया जी ने की थी।2019 मे इन ट्रेन का संचालन बंद कर दिया गया,अब कोरोना के केस में भारी गिरावट और सामान्य माहौल होने के बाद भी इन ट्रेन का संचालन शुरू नहीं किया है। सांसद डॉ केपी यादव ने लोकसभा अध्यक्ष के माध्यम से रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से अनुरोध करते हुए कहा कि तत्काल गुना-बीना (छकड़ा) 51883 ट्रेन को तत्काल प्रभाव से चालू किया जाए जो 2019 से बंद हैं जिससे कि लोकसभा संसदीय क्षेत्र के छात्रों, सरकारी कर्मचारियों व नागरिकों को यात्रा करने में असुविधा न हो।





## शिवपुरी प्रशासन व शिवपुरी पुलिस व्दारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए शराब माफिया व हत्या के आरोपी के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाकर नष्ट कराया गया ।

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**–शराब माफिया प्रानसिंह पुत्र दशरथ सिंह लोधी निवासी मनगुली थाना पिछोर जिला शिवपुरी व्दारा ग्राम नयागाँव चौराहा पर शासकीय जमीन पर कब्जा कर अवैध रुप से मकान का निर्माण कर आरोपी ने निवास स्थान बना रखा था जिसको आज दिनाँक 01.04.22 को श्रीमान एसडीएम महोदय अनुभाग पिछोर श्री जे.पी. गुप्ता , श्रीमान एसडीओपी महोदय अनुभाग पिछोर श्री दीपक तोमर , जनपद पंचायत सीईओ श्री पुष्पेन्द्र व्यास , थाना प्रभारी पिछोर श्री गब्बर सिंह गुर्जर , उनि एच.एस. मीणा, उनि बी.एल. दोहरे, उनि जूली तोमर , थाना प्रभारी मायापुर श्री हरिशंकर शर्मा, उनि मनोज सरयाम एवं उसके पुलिस स्टाफ के सहयोग से आरोपी प्रानसिंह लोधी के अवैध मकान के अतिक्रमण को नष्ट किया गया। उक्त माफिया काफी आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है जिस पर थाना पिछोर पर 06 आबकारी अधिनियम के प्रकरण , 01 मारपीट का प्रकरण , 01 शासकीय कार्य मे बाधा पहुचाने का प्रकरण , 01 धारा 420 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध है व थाना मायापुर में एक मारपीट का प्रकरण एवं थाना बसई जिला दतिया में 04 आबकारी अधिनियम , 01 हत्या तथा 01 मारपीट का प्रकरण पंजीबद्ध है।

## विद्युत रखरखाव कटौतीः इन स्थानों पर 03 अप्रैल को विद्युत प्रवाह बंद रहेगा

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**– आवश्यक रखरखाव का कार्य किए जाने हेतु 11 के.व्ही. बड़ा गांव एवं 33 के.व्ही. भगौरा फीडर पर 03 अप्रैल को विद्युत प्रवाह बंद रहेगा। उक्त फीडरों के बंद रहने पर 03 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक बड़ा गांव, बडौदी एवं 33/11 के.व्ही.उपकेन्द्र विलोकलां, बांसखेड़ी, भगौरा एवं पाटखेड़ा से संबंधित समस्त क्षेत्र तथा एच.टी.उपभोक्ता प्रभावित रहेंगे।

## अब 15 अप्रैल तक चुका सकेंगे किसान खरीफ फसल ऋण

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**– मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में वंदे-मातरम गान के साथ आरंभ हुई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि किसानों के लिए खरीफ फसल का ऋण चुकाने की अंतिम तिथि 31 मार्च से बढ़ाकर 15 अप्रैल की जा रही है। किसानों को खरीफ फसल के लिए जीरो प्रतिशत ब्याज दर पर लोन उपलब्ध कराने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया था। लोन चुकाने की अवधि आज 31 मार्च को समाप्त हो रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कई किसान भाई-बहन इस राशि को जमा नहीं करा पाए हैं। अवधि समाप्त होने के बाद वे डिफाल्टर हो जाएंगे और डिफाल्टर होने के बाद उन्हें अधिक ब्याज देना होगा। इसके दृष्टिगत खरीफ फसल का ऋण चुकाने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 अप्रैल की जा रही है, इससे किसानों को ऋण चुकाने में सुविधा होगी और वे डिफाल्टर नहीं होंगे।

**बढ़ी हुई अवधि का 60 करोड़ रूपये राज्य सरकार भरेगी:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बढ़ाई गई अवधि के लोन के ब्याज का भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा, जिसकी राशि लगभग 60 करोड़ रूपये होगी। यह राशि किसानों की ओर से राज्य सरकार द्वारा भरी जाएगी। इससे किसान अपने ऋण की राशि सुविधाजनक तरीके से भर सकेंगे और वे डिफाल्टर भी नहीं हो पाएंगे।

## नरवाई जलाएं नहीं लाभ कमाएं

**भोपाल।** किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री कमल पटेल ने किसानों से अपील की है कि नरवाई को जलाये नहीं, उससे लाभ कमाये। मंत्री पटेल ने कहा कि खेतों में गेहूँ की फसल आ गई है और कई स्थानों पर कटाई भी शुरू हो गई है। खेतों में अधिकांश कटाई हार्वेस्टर से हो रही है। किसान बंधु नरवाई का समुचित उपयोग कर लाभ उठा सकते हैं। नरवाई से भूसा बनाये। भूसे का उपयोग पशु आहार में करें। गौ-शालाओं को उपलब्ध करायें।

### कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले

# नक्शे-खसरे के लिए परेशान न हों, 10 रुपए में वॉट्सएप पर मिलेंगे दस्तावेज

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार ने लोगों को बड़ी राहत दी है. अब उन्हें जमीन से जुड़े दस्तावेजों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा. अब महज 10 रुपये में नक्से और खसरे वॉट्सएप पर मिल जाएंगे. इंटीरियर इलाकों में 20 सीटर बसें चलेंगी, जिससे यातायात बेहद आसान हो जाएगा. सरकार आर्थिक मजबूती के लिए रेत की खदानों की नीलामी भी करेगी।

ये सभी फैसले शिवराज सरकार ने कैबिनेट की बैठक में लिए गए। सरकार ने किसानों को भी बड़ी राहत दी है. किसानों को खरीफ फसल का लोन चुकाने के लिए कई दिनों की मोहलत दी गई है. अब किसान इस लोन को 15 अप्रैल तक चुका सकते हैं. पहले यह तारीख 31 मार्च को ही समाप्त हो रही थी. इस बढ़ी हुई अवधि के दौरान ब्याज की राशि करीब 60 करोड़ रुपये होगी. ये राशि भी राज्य सरकार भरेगी।



### सरकार का इन बातों पर फोकस

कैबिनेट बैठक में तय हुआ कि 181 के जरिये से मिलने वाली लोक सेवा गारंटी की सुविधा मोबाइल पर उपलब्ध कराई जाए. लोग वॉट्सऐप पर खसरे, नक्शे, ऋण पुस्तिका जैसे दस्तावेज की कॉपी प्राप्त कर सकते हैं।

### रेत पर बड़ा फैसला

रेत आसानी से उपलब्ध हो, इसके लिए सरकार लिए तीन महीने के लिए अस्थाई रूप से रेत खदानों की नीलामी करने जा रही है. सेमरिया माइक्रो सिंचाई परियोजना को भी कैबिनेट ने मंजूर कर लिया है. इसके साथ-साथ सामाकोटा बैराज परियोजना को भी कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी है. निजी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक 2022 को कैबिनेट ने पास कर दिया है. सरकार के मुताबिक, इंटीरियर इलाकों में 20 सीटर बसें चलाई जाएंगी. इन बसों को बड़ी बसों के रूट से जोड़ा जाएगा. ये पायलट प्रोजेक्ट सफल होने पर इसे प्रदेशभर में लागू किया जाएगा।

सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में बस चलाने वालों को मोटर यान अधिनियम में छूट दी है। आदिवासी बहुल जिलों में पायलट प्रोजेक्ट लॉन्च किया जाएगा।

सरकार ने पिछड़े इलाकों में लोक परिवहन सेवा शुरू करने के लिए ग्रामीण परिवहन नीति को मंजूर कर लिया. इसे रूरल ट्रांसपोर्ट क्रेडिट (आरटीसी ) के तहत लागू किया जाएगा. इसकी शुरुआत विदिशा जिले से होगी।

## एमपी ने निर्यात के क्षेत्र में रचे नये कीर्तिमान

भोपाल। मध्यप्रदेश ने निर्यात के क्षेत्र में कई नए कीर्तिमान स्थापित किये हैं, जिन पर नीति आयोग ने मुहर लगाई है। नीति आयोग द्वारा जारी की गई एक्सपोर्ट प्रीपेयर्डनेस इन्डेक्स सूची में मध्यप्रदेश ने 5 स्थानों की छलांग लगाते हुये 51.03 अंकों के साथ वर्ष 2021 में 7वां स्थान प्राप्त किया है, जबकि वर्ष 2020 में जारी सूची में प्रदेश का 12वां स्थान था। औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का प्रदेश में बेहतर औद्योगिक वातावरण निर्मित करने के लिये आभार प्रकट किया। उन्होंने एमपी इण्डस्ट्रियल डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड एवं निर्यात संवर्धन हेतु कार्यरत टीम का उत्साह वर्धन किया। मध्यप्रदेश अन्य कई श्रेणियों में भी अग्रणी रहकर इतिहास रचा है। मध्यप्रदेश ने लैण्ड लॉक राज्यों को प्राप्त औसत अंक से अधिक अंक प्राप्त किये। प्रदेश ने सब - पिलर इन्स्टीट्यूशनल फ्रेम वर्क में 100 में से 100 अंक प्राप्त किये हैं। यह रिपोर्ट दर्शाती हैं कि मध्यप्रदेश देश का एकमात्र ऐसा राज्य है, जिसने सब ‑ पिलर इन्स्टीट्यूशनल फ्रेम वर्क के सभी सूचकों में पूर्णांक प्राप्त किये हैं।

## सीएम करेंगे विद्यार्थियों से संवाद, सिखाएंगे तनाव मुक्ति के गुर



**भोपाल।** कोरोना का प्रकोप थमने के बाद देश-प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में इन दिनों आफलाइन परीक्षाओं का दौर चल रहा है। ऐसे माहौल के बीच आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों और अभिभावकों से वर्चुअल संवाद कर रहे हैं। राजधानी भोपाल के के सभी केंद्रीय विद्यालयों में कार्यक्रम के लिए लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी टीटी नगर स्थित शासकीय माडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा के बाद दोपहर 12 बजे प्रदेश के विद्यार्थियों और अभिभावकों से संवाद करेंगे। साथ ही विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्ति के गुर बताते हुए उनका उत्साहवर्धन करेंगे। कार्यक्रम का प्रसारण प्रादेशिक चैनलों, यूट्यूब और अन्य इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री इंदर सिंह परमार ने बताया कि प्रधानमंत्री सभी विद्यार्थियों से परीक्षाओं, पढ़ाई, जीवन एवं अन्य विषयों संबंधी विभिन्न पहलुओं पर बात करेंगे।

## रीवा में सिविल लाइन थाने से जिला न्यायालय तक पैदल ले गई पुलिस

# दुष्कर्म के आरोपी महंत और सहयोगी का निकाला जुलूस

### वकील बोले- इसे फांसी दी जाए

**रीवा।** रीवा के सर्किट हाउस में छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी महंत और सहयोगी का पुलिस ने जुलूस निकाला है। महंत सीताराम दास उर्फ समर्थ त्रिपाठी को 30 मार्च की शाम सिंगरौली बस स्टैंड से पुलिस ने गिरफ्तार किया था। दो जिलों की संयुक्त कार्रवाई में मुख्य आरोपी को बस स्टैंड के पास एक दुकान से गिरफ्तार किया गया है।

31 मार्च की दोपहर को मुख्य आरोपी महंत व सहयोगी विनोद पाण्डेय को सिविल लाइन थाने से जुलूस निकालते हुए पैदल न्यायालय ले जाया गया। इसके बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट के सामने पुलिस ने दो दिन की रिमांड मांगी थी। इसे न्यायालय ने स्वीकार करते हुए आरोपियों को पुलिस रिमांड में भेज दिया है।

### फांसी दो, फांसी दो के लगे नारे

महंत सीताराम दास को जब पुलिस कोर्ट में पेश करने पहुंची



तो अंदर वकीलों ने घेर लिया। पुलिस बल भी तैनात रहा। कोर्ट में खुद एएसपी शिवकुमार वर्मा, सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक हितेन्द्रनाथ शर्मा सहित पुलिस बल की मौजूदगी में दोनों को सुरक्षित जज के पास ले जाया गया। फिर भी वकीलों ने फांसी दो, फांसी दो के नारे लगाए।

### नईगढ़ी क्षेत्र के अकौरी में आरोपी विनोद का मकान तोड़ा

गुढ़ कस्बा स्थित महंत सीताराम दास के मकान को तोड़ने के बाद जिला प्रशासन के अधिकारी नईगढ़ी क्षेत्र के अकौरी गांव पहुंचे। जहां दूसरे आरोपी विनोद पाण्डेय के घर को ढहा दिया है।

### कुकर्मी बाबा के सत्ताधीशों से संबंधों को लेकर जवाब कौन देगा

**भोपाल।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजयसिंह ने रीवा के राजनिवास सर्किट हाउस में सत्ताधीशों की शह प्राप्त तथाकथित बाबा सीताराम दास द्वारा दुष्कर्म किए जाने की घटना को बेहद शर्मनाक बताया है। उन्होंने कहा कि सरकारी



सुविधाओं के तले बाबा के कृत्य से विंध्य भूमि शर्मसार हुई है। उस पर धर्म की आड़ में कलंक लग गया है। भले ही सीएम शिवराज के रुख के कारण सीताराम दास को गिरफ्तार कर लिया गया हो, लेकिन भाजपा नेताओं और सरकारी अधिकारियों के साथ उसके रिश्ते जो सोशल मीडिया पर वाइरल हो रहे हैं, उनका जवाब कौन देगा।अजयसिंह ने कहा कि अव्वल तो यह सार्वजनिक किया जाये कि जिला प्रशासन द्वारा सत्ता में बैठे किस उच्च स्तरीय व्यक्ति के इशारे पर बाबा को सर्किट हाउस में कमरा आवंटित किया गया। सीएम ने जांच के आदेश तो दे दिये हैं लेकिन बाबा के बड़े सत्ताधीशों से संबंधों के चलते जांच के पहले ही उसकी निष्पक्षता पर संदेह के बादल घिर गए हैं।

# 6 अप्रैल को भाजपा पूरे प्रदेश में करेगी पैदल मार्च, पीएम मोदी करेंगे संबोधित

### भाजपा का स्थापना दिवस, मध्यप्रदेश में 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक होंगे कई आयोजन

**भोपाल।** भाजपा बड़े पैमाने पर स्थापना दिवस मनाने जा रही है। 6 अप्रैल को पूरे प्रदेश में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जो 14 अप्रैल तक चलेंगे। प्रदेशभर में भाजपा कार्यकर्ता पैदल मार्च करेंगे, वहीं रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, पोषण और टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी दिन पीएम मोदी भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इधर, कार्यकर्ताओं से अपील की जा रही है कि हर जिले में नए तालाब बनाने के सरकार के संकल्प में सहयोग करें।

प्रदेश भाजपा कार्यालय में गुरुवार को हुई प्रदेश भाजपा की मीटिंग में तय हुआ है कि पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल को पूरे प्रदेश में नेता, कार्यकर्ता पैदल मार्च करेंगे। इसके साथ ही राजधानी के जंबूरी मैदान में 14 अप्रैल को भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विशाल सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा। एक सप्ताह तक पूरे प्रदेश में सेवा कार्य किए जाएंगे। बैठक में बूथ विस्तारक योजना और समर्पण निधि अभिमत को लेकर भी चर्चा हुई।

इस मौके पर बूथ विस्तारक योजना में हुए काम की सराहना भी वक्ताओं ने की, वहीं समर्पण निधि का कार्यक्रम जारी रखने के लिए कहा गया। कुशाभाई ठाकरे जन्मशती समारोह को लेकर समितियों का गठन करने के साथ ही जिला अध्यक्षों और सचिवों की नियुक्ति कर दी गई है और इस समिति के कार्यक्रमों का आयोजन 15 अप्रैल से होना है। इसको लेकर भी बैठक में सभी से पूरी ताकत के साथ काम करने को कहा गया। इसमें बूथ लेवल अध्यक्ष, संयोजक और बूथ लेवल एजेंट को प्रशिक्षण दिए जाने पर भी विचार किया गया।

6 अप्रैल को बूथ, मंडल और जिला कार्यालयों में नेता एकत्र होंगे। प्रातः 9 बजे सभी कार्यकर्ता 20 मिनट का पैदल मार्च करेंगे। उसके बाद सामूहिक वंदेमातरम के बाद प्रधानमंत्री का संबोधन 10 बजे से शुरू होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुसार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के हर एक जिले में अगले एक साल में 75-75 नए तालाब बनाने के सरकार के संकल्प में बीजेपी कार्यकर्ताओं के सहयोगी

## विदिशा से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रारंभ होगी ग्रामीण परिवहन सेवा: राजपूत

**भोपाल।** परिवहन एवं राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि ग्रामीण परिवहन नीति के तहत रूरल ट्रांसपोर्ट क्रेडिट मॉडल को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पचमढी में आयोजित चिंतन शिविर में माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्रामीण क्षेत्रों में सुचारू परिवहन व्यवस्था के संबंध में परिवहन नीति बनाए जाने के निर्देश दिए थे। उनकी मंशा के अनुरूप ग्रामीण परिवहन नीति के तहत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में विदिशा के रूरल क्षेत्रों में परिवहन व्यवहार मुहैया कराई जाएगी।

मंत्री राजपूत ने कहा कि मध्य प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के बंद हो जाने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन को व्यवस्थित किए जाने की आवश्यकता है। वर्तमान में चल रही निजी वाहनों एवं मिनी यात्री वाहनों में ओवर लोडिंग मनमाने समय पर वाहनों के संचालन जैसी अनेक शिकायतें सामने आई हैं।

## अभा कांग्रेस के महासचिव प्रदेश प्रभारी मुकुल वासनिक 3 और 4 अप्रैल को प्रदेश दौरे पर

**भोपाल।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी मुकुल वासनिक 3 और 4 अप्रैल को प्रदेश के इंदौर, उज्जैन,



शाजापुर एवं देवास जिलों के प्रवास पर रहेंगे। 3 अप्रैल को पूर्वान्ह 11.45 बजे इंदौर पहुंचेंगे। दोपहर 12 बजे इंदौर से सांवेर जायेंगे और वहां जिला कांग्रेस इंदौर ग्रामीण द्वारा महंगाई मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 1.30 बजे उज्जैन के लिए प्रस्थान कर दोपहर 2.15 बजे उज्जैन पहुंचेंगे और वहां जिला कांग्रेस कमेटी उज्जैन द्वारा आयोजित महंगाई मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम में शामिल होंगे। आपका रात्रि विश्राम उज्जैन में रहेगा। दूसरे दिन 4 अप्रैल को सुबह 9.30 बजे उज्जैन से शाजापुर रवाना होंगे।

# अफगानिस्तान के पुनर्निर्माण में मदद करे अमेरिका, लोगों की संपत्ति और धन वापस करेः जिनपिंग



**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने एक क्षेत्रीय सम्मेलन के दौरान अफगानिस्तान का पुरजोर समर्थन किया, जबकि देश में तालिबान द्वारा किए जा रहे मानवाधिकार हनन का कोई जिक्र नहीं किया। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने अमेरिका से अफगानिस्तान के लोगों की विदेश स्थित संपत्तियों पर लगी रोक हटाने और सरकार पर प्रतिबंधों को समाप्त करने का अनुरोध किया। चीन के अनहुई प्रांत के टुंक्सी शहर में आयोजित सम्मेलन में शी जिनपिंग ने अफगानिस्तान, चीन, रूस, पाकिस्तान, ईरान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के प्रतिनिधियों को दिए संदेश में पिछले अगस्त में अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद अफगानिस्तान में चीन की प्रभावी भूमिका निभाने की आकांक्षा जाहिर की। शी जिनपिंग ने कहा कि अफगानिस्तान के लोग शांतिपूर्ण, स्थिर, विकसित और समृद्ध अफगानिस्तान’ चाहते हैं, जो ‘क्षेत्रीय देशों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ साझा की पूर्ति करे। शी जिनपिंग ने कहा चीन अफगानिस्तान की संप्रभुता, स्वतंत्रता व क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करता है और वह अफगानिस्तान के शांतिपूर्ण व स्थिर विकास का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।’ बैठक के बाद जारी एक संयुक्त बयान में महिलाओं के अधिकारों और बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने व सभी जातीय समूहों के अधिकारों की रक्षा करने के महत्व पर जोर दिया गया। बयान में कहा गया है अफगानिस्तान में वर्तमान दुर्दशा के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार देशों से’ आर्थिक सुधार पर अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने का भी आग्रह किया।

चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि सभी पक्षों ने इस बात पर सहमति जताई कि अमेरिका और नाटो को अफगानिस्तान के पुनर्निर्माण और विकास के लिए प्राथमिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए, और जितनी जल्दी हो सके अफगान लोगों की संपत्ति वापस करनी चाहिए। इस बयान में अफगान लोगों की सात अरब डॉलर की संपत्ति का जिक्र किया गया था, जिसपर अमेरिका ने रोक लगा रखी है।

### अब खुद उसी विभाग के मंत्री, लेकिन अफसर जवाब नहीं ढूंढ पा रहे

# विधायक ने 3 साल पहले पूछा था सवाल, मंत्री बनने के बाद भी नहीं मिला जवाब

**भोपाल।** 3 साल पहले विधायक रहते हुए उन्होंने विधानसभा में जो सवाल पूछा था उसका जवाब आज तक नहीं मिल पाया। इस दौरान वो विधायक से मंत्री भी बन गए लेकिन सरकारी सिस्टम वही ढांक के तीन पात। आज के कृषि मंत्री कमल पटेल 2019 में बीजेपी विधायक थे. उन्होंने तब कमलनाथ सरकार के दौरान विधानसभा में किसानों से जुड़ा सवाल पूछा था। उस वक्त तो जवाब नहीं मिला. इस बीच प्रदेश में सत्ता बदल गयी वो विधायक से खुद उसी महकमे यानि कृषि विभाग के मंत्री बन गए लेकिन विभाग के अफसर उनके सवाल का जवाब नहीं ढूंढ पाए।



### सचिन यादव ने कहा था

बीजेपी विधायक कमल पटेल के इस सवाल पर तत्कालीन कृषि मंत्री सचिन यादव ने विधानसभा में जानकारी दी थी कि सवाल का जवाब जुटाया जा रहा है. इस बीच कमलनाथ सरकार गिर गयी. मार्च 2020 में बीजेपी फिर बीजेपी की सरकार बन गयी और कमल पटेल को कृषि विभाग मिला. हैरत करने वाली बात यह है तब से अब तक विधानसभा के अलग-अलग सत्र में कांग्रेस विधायकों की तरफ से किसान कर्ज माफी को लेकर तकरीबन सौ सवाल लगाए गए. और हर सवाल के जवाब में कृषि मंत्री कमल पटेल का जवाब आया कि जानकारी जुटाई जा रही है. मतलब साफ है जिस सवाल को लेकर बीजेपी कमलनाथ सरकार पर हमलावर थी, खुद उसी सवाल का जवाब वो नहीं ढूंढ पायी है।

### एक ही जवाब-जानकारी जुटाई जा रही है

जब कृषि मंत्री कमल पटेल से सवाल पूछा गया तो वह साफ तौर पर कोई जवाब नहीं दे पाए. पटेल ने पहले इस तरीके के सवाल की जानकारी होने से इनकार किया. लेकिन जब उन्हें 2019 में पूछे गए सवाल की कॉपी दिखाई गई तो उन्होंने कहा किसान कर्ज माफी की व्यापक स्तर पर जानकारी जुटाई जा रही है।

### ये है सरकारी सिस्टम का हाल

यह दिलचस्प खबर है। लेकिन इस दिलचस्प खबर से आप सरकार के सिस्टम को भी आसानी से समझ पाएंगे. पूरी खबर समझने के लिए हम आपको बताते हैं कि जुलाई 2019 में प्रदेश में तत्कालीन कमलनाथ सरकार से बीजेपी विधायक कमल पटेल ने किसान कर्ज माफी को लेकर सवाल पूछा था।।


### जुलाई 2019 के बजट सत्र में पटेल ने बिंदुवार सरकार से जानकारी मांगी थी. उन्होंने पूछा था

- कमलनाथ सरकार के किसान कर्जमाफी का क्या हुआ?
- प्रदेश में किस-किस जिले में कितने किसानों का एक रुपए से लेकर दो लाख तक का कर्जा माफ हुआ?
- एमपी के किस जिले में कुल कितने किसानों पर किस बैंक का कितना कर्ज बाकी है? एक रुपए से लेकर ?200000 और उससे ज्यादा के कर्ज वाले किसानों की जिलेवार जानकारी दें।
- कमल पटेल ने सरकार से पूछा था कि जय किसान ऋण माफी योजना के तहत कुल किसानों के खाते में कितनी राशि जमा कराई गई है? जिलेवार इसकी जानकारी दें।
- किसानों की ऋण राशि एक लाख से दो लाख तक किस-किस जिले में कितने किसानों के खाते में डाली गई बैंक वार इसकी जानकारी दें।
- मध्य प्रदेश में कितने किसानों पर कुल कितना कर्ज है और मध्यप्रदेश शासन ने दिनांक 12 जून 2019 तक बजट में कुल कितनी राशि का प्रावधान किया है और कितनी राशि किसानों के खाते में डाली गई है।

# मुरार ग्रामीण में स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा : केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर

### ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के खेल महाकुंभ विधायक कप क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

### बीस दिन चले टूर्नामेंट में 1400 से अधिक खिलाड़ियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा





ग्वालियर। ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के खेल महाकुंभ का केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार को समापन हुआ। उटीला में पिछले 20 दिनों से जारी ग्वालियर ग्रामीण क्षेत्र के विधायक कप किक्रेट टूर्नामेंट में 107 टीमों में शामिल लगभग 1400 खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विधायक कप टूर्नामेंट के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि मुरार ग्रामीण क्षेत्र में अत्याधुनिक खेल स्टेडियम का निर्माण कराया जायेगा। साथ ही सरकार खेल प्रतिभाओं को तराशने में हर संभव मदद करेगी।

पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक एवं उद्यानिकी व खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने की। समारोह में पृथ्वीपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री शिशुपाल यादव बतौर विशेष अतिथि मौजूद थे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी तथा आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री प्रेम सिंह राजपूत सहित अन्य पदाधिकारी एवं श्री दीवान सिंह गुर्जर व श्री कप्तान सिंह सहसारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

विधायक कप टूर्नामेंट में 103 क्रिकेट टीम व बालिकाओं की चार कबड्डी टीमों ने हिस्सा लिया। विधायक कप क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब पर रमौआ (वार्ड-61) ने कब्जा जमाया। टेनिस बॉल से हुए 10-10 ओवर के इस क्रिकेट टूर्नामेंट के फायनल मैच में रमौआ की टीम ने वार्ड-65 अजयपुर की टीम को पाँच विकेट से पराजित किया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि श्री तोमर ने 51 हजार रूपए का नगद पुरस्कार, विधायक कप, प्रमाण-पत्र एवं सभी खिलाड़ियों को मैडल, प्रमाण-पत्र व किट प्रदान की। इसी तरह उप विजेता टीम वार्ड-65 अजयपुर को 31 हजार रूपए नगद, शील्ड, प्रमाण-पत्र व किट एवं तृतीय स्थान पर रही जमाहर की टीम को 21 हजार रूपए नगद, शील्ड व प्रमाण-पत्र प्रदान किए।

पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि यदि मनुष्य जीवन में खेल का भाव और मर्यादाएँ शामिल हो जाएं तो समाज से विकृतियाँ और अपराध स्वतः ही समाप्त हो जायेंगे। उन्होंने कहा इसी सोच के साथ केन्द्र व राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही खेल प्रतिभाओं को भी हर प्रकार की सुविधायें मुहैया करा रही है।

### विजेता व उप विजेता टीम को पसंदीदा पर्यटन स्थल की सैर कराई जायेगीः श्री कुशवाह

ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक कप टूर्नामेंट के पुरस्कार वितरण समारोह में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि टूर्नामेंट की विजेता व उप विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को उनके पसंदीदा पर्यटन स्थल की सैर कराई जायेगी। यह सैर पाँच दिवसीय होगी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिये ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में लगातार टूर्नामेंट आयोजित किए जायेंगे। श्री कुशवाह ने कहा ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को तराशने के लिये केन्द्र व राज्य सरकार से भरपूर मदद मिल रही है।

### मैन ऑफ द टूर्नामेंट रिंकू कुशवाह को मिला एक हजार रूपए का पुरस्कार

विधायक कप क्रिकेट टूर्नामेंट में वार्ड-65 टीम के ऑल राउण्डर रिंकू कुशवाह मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए उन्हें मुख्य अतिथि श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने 11 हजार रूपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया। फायनल मुकाबले के मैन ऑफ द मैच रहे रमौआ टीम के मिलन को 5100 रूपए का पुरस्कार मिला। इसी तरह बेस्ट बल्लेबाज वार्ड-65 के करन, बेस्ट बॉलर रमौआ टीम के रिंकू व बेस्ट कैच लेने पर रामौआ के गोविंद और बेस्ट फील्डर गोविंद को 5100 ङ्क 5100 रूपए के पुरस्कार प्रदान किए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने इंटक मैदान में बने हॉकर्स जोन का किया निरीक्षण

#### व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिये आवशयक दिशा-निर्देश



ग्वालियर। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के साथ हजीरा सब्जी मंडी की व्यस्थाओं को लेकर निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवशयक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि युद्ध स्तर पर इंटक हॉकर्स जोन व मंडी की सभी व्यवस्थायें पूर्ण की जाएं। साथ ही नगर निगम अपर आयुक्त, एसडीएम व सीएसपी की कमैटी बनाकर व्यस्थाओं को शीघ्र पूर्ण कराने के लिये निर्देशि किया। निरीक्षण के दौरान ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इंटक मैदान में बनी सब्जी मंडी में पहले पुराने दुकानदारों को चबूतरे आवंटित किये जाएंगे। इसके बाद पुराने ठेले वालों को चबूतरे दिये जाएगें, फिर भी कोई बचता है तो उसके लिये अलग से चबूतरे बनाने की प्रक्रिया की जाएगी। इसके बाद ही नये ठेले वालों को चबूतरों के तीनों तरफ ठेले लगाने की जगह आवंटित की जाएगी। इसके साथ ही फल, जूते-चप्पल, अन्य सामान के ठेले वालों को एक लाइन से लगाने लिये संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। इसके साथ ही निर्देशित किया कि सब्जी मंडी के प्रवेश द्वार को भव्य बनायें जाने के साथ ही मैन रोड से सब्जी मंडी में जाने के लिये डिवाइडर के बीच में पैदल निकलने की जगह बनायें। जिससे दूसरी साइड के व्यक्ति आसानी से सब्जी मंडी आ सके। इसके साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि सब्जी मंडी में पार्किंग व ठेले वालों की सीमा तय करने के लिये रैलिंग लगायें जिससे सभी ठेले एक लाइन से व्यवस्थित लग सकें। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हॉकर्स जोन में बनने वाली चौपाटी की टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराकर कार्य चालू करायें। इसके साथ ही हजीरा चौराहे स्थित दुकानदारों के साथ चर्चा कर उनसे विकास कार्यों में सहयोग देने के लिये आग्रह किया।

कायाकल्प योजना में हजीरा सिविल अस्पताल को मिली अच्छी रैंकिंग

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने अस्पताल पहुँचकर चिकित्सक और स्टाफ का किया सम्मान



ग्वालियर। ग्वालियर के सिविल अस्पताल हजीरा को कायाकल्प योजना के तहत पाँचवा स्थान प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही चिकित्सकीय सुविधाओं की श्रेणी में मध्यप्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अस्पताल पहुँचकर चिकित्सकों, मैरामेडीकल स्टाफ के साथ-साथ अस्पताल को साफ-सुथरा रखने में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले सफाई मित्रों का भी पुष्पाहार पहनाकर सम्मान किया और उनके श्रेष्ठ कार्य के लिये उन्हें बधाई भी दी। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर शुक्रवार को प्रातः रेलमार्ग से ग्वालियर पहुँचे और रेलवे स्टेशन से ही सीधे हजीरा अस्पताल पहुँचे और चिकित्सकों के साथ ही समस्त स्टाफ को प्रदेश में अच्छी रैंकिंग प्राप्त करने पर बधाई दी। मंत्री श्री तोमर ने सम्पूर्ण स्टाफ का पुष्पाहार पहनाकर सम्मान भी किया। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि सिविल अस्तपाल हजीरा के चिकित्सक और स्टाफ जिन्होंने अस्पताल आने वाले सभी लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें मुहैया कराई। साथ ही कायाकल्प योजना के तहत भी अस्पताल का कायाकल्प करने में अपनी अग्रणी भूमिका निभाई, वे सभी बधाई के पात्र हैं। क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने का जो कार्य सिविल अस्पताल का स्टाफ कर रहा है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है।

## स्मार्ट सिटी की नई सड़क नया शहर बसाने में सहायक होगी : केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर

### 8.43 करोड़ की लागत से बनने जा रही स्मार्ट सिटी की सड़क का हुआ भूमिपूजन

### 6 नंबर चौराहे के समीप स्थित जड़ेरूआ बांध से बेहटा हाईवे तक बनेगी सड़क



ग्वालियर। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत शहर के ग्रामीण वार्ड में बनने जा रही पहली सड़क का शुक्रवार को भूमिपूजन किया। स्मार्ट सिटी द्वारा मुरार में 6 नंबर चौराहे के समीप स्थित जड़ेरूआ बाँध से बेहटा (हाईवे) तक लगभग 6.1 किलोमीटर लम्बाई में इस बहुप्रतीक्षित सड़क का निर्माण 8 करोड़ 43 लाख रूपए की लागत से कराया जायेगा। केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने इस अवसर पर कहा कि इस सड़क की बड़े लम्बे समय से प्रतीक्षा की जा रही थी। यह स्मार्ट सड़क पूरे मुरार परिक्षेत्र में नए शहर के निर्माण में सहायक होगी।

सड़क के भूमिपूजन समारोह की अध्यक्षता उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने की। कार्यक्रम में विधायक पृथ्वीपुर डॉ. शिशुपाल सिंह यादव विशेष रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल, स्मार्ट सिटी की सीईओ श्रीमती जयति सिंह, लाल टिपारा गौशाला के संतश्री तथा सर्वश्री नरेन्द्र सिंह किरार, दीवान सिंह गुर्जर व अशोक जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और सड़क से लाभान्वित होने जा रहे गाँवों व शहरी कॉलोनियों के निवासी मौजूद थे।

अत्याधुनिक और स्मार्ट तरीके से बनने जा रही यह सड़क नेशनल हाईवे बाइपास से 6 नंबर चौराहा, जड़ेरूआ बांध तथा समीपवर्ती बस्तियों मसलन पदमपुर खेरिया, बसबाये का पुरा, मैंथाना, भटपुरा व बेहटा इत्यादि गाँवों के निवासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी। साथ ही मुरार क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनी के निवासियों को हाईवे पर जाने के लिये एक अत्याधुनिक सड़क उपलब्ध होगी। भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद ग्वालियर शहर स्मार्ट सिटी परियोजना में शामिल हो पाया था। इसलिए हम सभी को समझना होगा कि स्मार्ट सिटी से आशय केवल अच्छी सड़कें, पुल व शहर का सौंदर्यीकरण करना भर नहीं है। शहरवासियों को स्मार्ट सुविधाओं को बेहतर ढंग से उपभोग करने और शहर को सुंदर बनाए रखने की योग्यता भी अपने भीतर विकसित करनी होगी।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री भारत सिंह कुशवाह ने इस अवसर पर कहा कि ग्वालियर शहर में शामिल हुए ग्रामीण वार्डों के सुनियोजित विकास के लिये सरकार कटिबद्ध है। इसी कड़ी में स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत यह सड़क मंजूर हुई है। उन्होने कहा इस सड़क के निर्माण से शहर से सटे ग्रामीण वार्डों में विकास के नए रास्ते खुलेंगे। आरंभ में अतिथियों ने विधिवत भूमिपूजन कर इस सड़क की आधारशिला रखी। अंत में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। स्वागत उदबोधन नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने दिया।

### सभी लोग शहर को स्वच्छता में नंबर-1 बनाने का संकल्प लें

केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने इस अवसर पर आह्वान किया कि स्वच्छता के संस्कार हमारे सांस्कृतिक मूल्यों में समाहित हैं। ग्वालियर प्राचीनकाल से वैभवशाली शहर रहा है। उस वैभव को फिर से प्राप्त करने के लिये हमें संकल्प लेना होगा कि हमारा शहर स्वच्छता मंर अव्वल शहर बने।

## ग्वालियर में बैंक एटीएम काटकर लगभग 45 लाख की चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश

**ग्वालियर पुलिस ने एटीएम काटने वाली शातिर गैंग को जबलपुर-पन्ना बारदात करने जाते समय जौरासी से किया गिरफ्तार**



ग्वालियर। विगत दिनों ग्वालियर शहर में हुई एटीएम काटकर पैसे निकालने की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए *पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जोन श्री अनिल शर्मा,भापुसे* द्वारा ग्वालियर जिले के सभी पुलिस अधिकारियों को उक्त एटीएम काटने वाली गैंग की पतारसी करते हुए संलिप्त बदमाशों की गिरफ्तारी के निर्देश दिये थे। उक्त निर्देशों के परिपालन में ग्वालियर पुलिस द्वारा घटना दिनांक से ही एटीएम काटकर रूपये ले जाने वाले बदमाशों की पतारसी हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। दिनांक 31.03.2022 को *वरिष्ठ अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे* को जरिए मुखबिर पुख्ता सूचना प्राप्त हुई कि ग्वालियर में एटीएम काटकर चोरी करने वाली गैंग पन्ना एवं जबलपुर में बारदात करने वाले हैं। उक्त सूचना पर से एसएसपी ग्वालियर द्वारा *अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) श्री राजेश डण्डोतिया* को मुखबिर सूचना की तस्दीक कर एटीएम काटने वाली गैंग को पकड़वाने हेतु निर्देश किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक शहर (पश्चिम) श्री सत्येन्द्र सिंह तोमर से समन्वय स्थापित करते हुए क्राईम ब्रांच व थाना पड़ाव पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार डीएसपी अपराध श्री रत्नेश तोमर, श्री नागेन्द्र सिंह सिकरवार तथा सीएसपी इन्दरगंज श्री विजय भदौरिया के मार्गदर्शन में क्राईम ब्रांच की आधा दर्जन टीमों व थाना पड़ाव पुलिस की टीम को बदमाशों की घेराबंदी के लिये लगाया गया। पुलिस टीमों को घेराबंदी के दौरान जौरासी घाटी पर मुखबिर के बताये रंग की एक ब्रेजा कार आती दिखी जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन कार में बैठे बदमाशों द्वारा कार को लेकर भागने का प्रयास किया, पुलिस टीम द्वारा कार को चारों ओर से घेरकर उसमें सवार चार बदमाशों को धरदबोचा। पकड़ी गई ब्रेजा कार से पुलिस टीम द्वारा चारों संदिग्ध बदमाशों को हिरासत में लेकर उनसे शहर में हुई एटीएम काटने की घटनाओं के संबंध में पूछताछ की तो उनके द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर ग्वालियर शहर के तीन स्थानों पर एटीएम काटकर पैसे निकालने का बारदात को करना स्वीकार किया गया।

## बालभवन में फन फैस्ट 2022 का शुभारंभ कर निगमायुक्त श्री कन्याल ने दिलाई सभी को स्वच्छता की शपथ






ग्वालियर। रॉक फायर एडवेंचर क्लब एवं ग्वालियर नगर निगम के द्वारा आयोजित 3 दिवसीय फन फैस्ट 2022 का उद्घाटन नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल द्वारा किया गया। निगमायुक्त श्री कन्याल ने सभी प्रतिभागियों को शुभकमनाएं देते हुए अपने आस पास, अपने घर, मोहल्ले और अपने शहर को स्वच्छ रखने के लिए सभी को प्रेरणा दी और हमारा ग्वालियर स्वच्छ ग्वालियर की शपथ दिलवाई।

इस अवसर पर आयोजित पतंग प्रतियोगिता शुरू की गई जिसमे ग्वालियर शहर से लगभग 55 प्रतिभागियों ने भाग लिया और अर्चित अग्रवाल ने प्रथम स्थान के साथ 2100 रुपए की नगद राशि अपने नाम की। वहीं हरीश कुशवाह ने 1100 रुपए की राशि जीती।

उद्घाटन के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में आईटीएम यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार श्री ओमवीर सिंह, फेंसिंग ग्वालियर के अध्यक्ष श्री गिरीश मिश्रा, रॉक फायर के सीईओ ल्यूटीनेंट श्री सुयश कुमार, इनाया इवेंट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री रोबिन कुशवाह उपस्थित्त रहे। कार्यक्रम का संचालन एंकर हिमानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के तहत शाम को 5 बजे ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई जिसमे लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। साथ ही ओपन माइक में 50 प्रतिभागियों ने अपनी परफॉर्मेंस पेश की। ओपन माइक का पूरा कार्यक्रम द 3 एम क्लब द्वारा किया गया।

## 700 तैराकों ने पहले दिन तरण पुष्कर में छलांग लगाकर किया स्विमिंग पूल का शुभारंभ

ग्वालियर। नगर निगम द्वारा संचालित तरण पुष्कर आज लगभग दो वर्ष बाद प्रारंभ किया गया। तरण पुष्कर में तैराकी को लेकर शहर के युवा इतने उत्साहित थे कि पहले दिवस ही लगभग 700 तैराकों ने तरण पुष्कर में छलांग लगाकर स्विमिंग पूल का शुभारंभ किया। प्रातःकालीन प्रथम बैच के शुभारंभ अवसर पर आज सुबह 5.45 बजे अपर कलेक्टर श्री इच्छित ग?पाले एवं अपर आयुक्त श्री अतेंद्र सिंह गुर्जर द्वारा पूजा पाठ कर पहली छलांग लगाकर प्रथम बैच प्रारंभ कराया गया। उसके बाद प्रथम बैच के 130 सदस्यों ने पूल में छलांग लगाई और 2 वर्ष के बाद तैराकी का आनंद लिया गया। सहायक नोडल अधिकारी श्री धर्मेन्द्र सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम द्वारा संचालित तरण पुष्कर प्रारंभ के प्रथम दिवस सुबह 9 बजे नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल द्वारा स्विमिंग पूल का निरीक्षण किया गया तथा स्विमिंग पूल के पानी को साफ रखने एवं सुरक्षा के सभी इंतजाम पुख्ता रखने व अन्य आवश्यक व्यवस्था की सुनिश्चितता के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही ग्वालियर के स्विमिंग खिला?ियों के लिए स्विमिंग एचवी एसोसिएशन के माध्यम से पृथक बैच बनाए जाने के निर्देश दिए गए।

## सभी कचरा ट्रांसफर स्टेशन रहें साफ व स्वच्छः निगमायुक्त श्री कन्याल



ग्वालियर। शहर के सभी कचरा ट्रांसफर स्टेशन साफ व स्वच्छ रहें तथा कम से कम समय में गाडियां खाली हों जिससे अधिक से अधिक चक्कर टिपर वाहनों के लग सकें। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने शुक्रवार को प्रातः साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए लक्ष्मीगंज स्थित बुद्वा पार्क में कचरा ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण के दौरान दिए। इस अवसर पर सभी संबंधित अधिकारियों को अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर भी निर्देशित किया। निगमायुक्त श्री कन्याल ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए सिटीसेंटर क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था देखी तथा जडेरुआ क्षेत्र में स्थित आराध्या वाटिका पंहुचकर वहां आयोजित केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिह तोमर के कार्यक्रम को लेकर आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही फूलबाग एवं जलविहार में साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा आवश्क दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त श्री कन्याल ने सिटीसेंटर क्षेत्र में रमाया होटल के पास नाले के कार्य का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों का तत्काल नाले की सफाई कराने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478